www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 93 । नर्मदापुरम, सोमवार 30 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

वैश्य महासम्मेलन: शिक्षा ही है समाज की असली ताकत — पृष्ठ 2
▸ बिहार में चुनाव आयोग कामयाब तो भाजपा कामयाब!
▸ एससीओ की बैठक में भारत कूटनीतिक रुप से अलग-थलग पड़ गया — पृष्ठ 4
▸ विधायक पटवा ने बरसते पानी में मंडदीप थाने के सामने दिया धरना — पृष्ठ 6
तेजी से बढ़ रहा भारत का रिटेल सेक्टर, 10 प्रतिशत तक वृद्धि का अनुमान : आरएआई — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### छक्का मारते ही बल्लेबाज को पड़ा दिल का दौरा, पिच पर ही हो गई मौत

**फिरोजपुर, देशबन्धु।** दिल का दौरा पड़ने से क्रिकेट मैच खेल रहे बल्लेबाज की पिच पर ही मौत हो गई। हालांकि बल्लेबाज के जमीन पर गिरते ही साथी खिलाड़ियों ने सीपीआर देकर जान बचाने की कोशिश की लेकिन उसके बाद वह नहीं उठे। पंजाब के फिरोजपुर के गुरुहर सहाये में हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि डीएवी स्कूल युवक बल्लेबाजी कर रहा है और एक गेंद पर उसने छक्का भी लगाया था, लेकिन इसके बाद वह जमीन पर बैठ गया और वह पिच पर ही लेट गया। मैदान में मौजूद साथी खिलाड़ी दौड़कर उसके पास पहुंचे और सीपीआर देकर उनकी जान बचाने की कोशिश की। इसके बाद भी उनकी जान नहीं बचाई जा सकी और उसकी मौत हो गई। इस घटना से अन्य खिलाड़ियों में सनसनी फैल गई। पूरा मामला फिरोजपुर के गुरुहर सहाये का बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक हरजीत सिंह अपनी टीम का बल्लेबाज है। रविवार सुबह क्रिकेट खेलते समय उसने बल्लेबाजी करते हुए जोरदार छक्का मारा और छक्का मारने के बाद खिलाड़ी हरजीत सिंह को हार्ट अटैक आ गया। जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। यह पूरी घटना खेल का वीडियो बना खेलप्रेमियों के कैमरों में कैद हो गई।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 8 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के आठ मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार तड़के गिरफ्तार किया है। इन मछुआरों पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करके श्रीलंकाई जलक्षेत्र में घुसने का आरोप है। यह मछुआरे शनिवार रात को रामेश्वरम से निकले थे। मछुआरों को उनकी नाव के साथ हिरासत में लिया गया है। मछुआरों के साथ नाव को भी श्रीलंकाई नौसेना के अधिकारियों ने जब्त कर लिया है।

### दिल्ली में कोरोना से 2 बुजुर्ग की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में कोरोना से दो बुजुर्गों ने दम तोड़ दिया। दोनों पहले से अस्पताल में दूसरी बीमारी का इलाज करवा रहे थे। इलाज के दौरान संक्रमण होने से स्थिति गंभीर हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार दिल्ली में शनिवार को 73 वर्षीय पुरुष ने दम तोड़ा। वह पहले से मेटास्टेटिक लंग कार्सिनोमा, एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम, बी/एल निमोनिया, उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे। वहीं दूसरा मरीज 76 वर्षीय पुरुष हैं। उन्हें पहले से सेप्टिक शॉक के साथ सेप्टिसीमिया, मल्टीपल ऑर्गन डिसफंक्शन सिंड्रोम, गंभीर निमोनिया, डीएम, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग की समस्या थी। इलाज के दौरान दोनों को कोरोना का संक्रमण हुआ और स्थिति गंभीर होने पर दोनों ने दम तोड़ दिया।

### तेजस्वी कलम वाले नहीं, कट्टा वाले लोग : प्रशांत

**सीवान, एजेंसी।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने रविवार को राजद पर जुबानी हमला किया। उन्होंने राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा बिहार की जनता से 20 महीने मांगे जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बिहार की जनता 15 साल उनके माता-पिता (लालू यादव-राबड़ी देवी) को और तीन साल उन्हें देकर देख चुकी है, इन लोगों ने बिहार को बर्बाद कर दिया है। प्रशांत किशोर ने यहां तक कह दिया कि मुसलमान भी अब राजद को वोट नहीं देंगे।

### विमान हादसा : तोड़फोड़ के एंगल से भी हो रही जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) एयर इंडिया एआई 171 दुर्घटना में तोड़फोड़ सहित सभी एंगल्स की जांच कर रहा है और इस पर तीन महीने में रिपोर्ट आने की उम्मीद है। मोहोल ने कहा कि एएआईबी द्वारा सभी एंगल्स से जांच की जा रही है, जिसमें किसी भी संभावित तोड़फोड़ की संभावना भी शामिल है। सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की जा रही है और कई एजेंसियां इसमें शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने दुर्घटना को दुर्लभ मामला बताया, जिसमें 270 से अधिक लोग मारे गए।

पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद भगदड़

# 3 की मौत, 50 से ज्यादा घायल



**पुरी, एजेंसी।** ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद रविवार तड़के करीब 4 बजे भगदड़ मच गई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा घायल हो गए।

घायलों में 6 की हालत गंभीर है। हादसा जगन्नाथ मंदिर से करीब 3 किमी दूर गुंडिचा मंदिर के सामने हुआ। यहां भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ के दर्शन करने के लिए भारी भीड़ जुटी थी, इसी दौरान भगदड़ मची। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना पर माफी मांगी है। ' पुरी की रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों को उनकी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर के सामने 9 दिन के लिए खड़ा कर दिया जाता है। यहां बलभद्र और सुभद्रा के रथ पहले पहुंच चुके थे। जगन्नाथ रथ बाद में पहुंचा, जिससे लोगों में उसके दर्शन करने की होड़ लग गई। इसी दौरान भगदड़ मची। हादसे में मारे गए लोगों के नाम बसंती साहू (36), प्रेमकांति महांति (78) और प्रभाती दास हैं। इनके शव पुरी मेडिकल कॉलेज में रखे गए हैं। इसके अलावा, ओडिशा सरकार ने जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

### 2 अधिकारी निलंबित, डीएम-एसपी का तबादला

ओडिशा के पुरी में गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ की घटना पर दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। डीसीपी बिष्णु पति और कमांडेंट अजय पाढ़ी को ड्यूटी में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। वहीं, पुरी के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) का भी तबादला कर दिया गया है। चंचल राणा को नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं, पिनाक मिश्रा को नए एसपी की जिम्मेदारी दी गई है।

खंडवा में आज होगा आयोजन

## प्रधानमंत्री मोदी जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह को वर्चुअली करेंगे संबोधित



**भोपाल, देशबन्धु।** पानी की हर बूंद को सहेजने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन और वॉटरशेड सम्मेलन सोमवार 30 जून को खंडवा में होगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल शामिल होंगे और कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में 1518 करोड़ रुपये से अधिक के जल संरक्षण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मध्यप्रदेश में 3 माह के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। इस दौरान जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन पर लगातार कार्य किया गया। सोमवार को अभियान के समापन कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 578.08 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए 57 हजार 207 जल संरक्षण कार्य, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वॉटरशेड विकास के अंतर्गत 63.46 करोड़ रुपये की लागत से 888 जल संरक्षण के कार्य, वॉटरशेड परियोजनाओं के कार्यों के प्रबंधन और अनुश्रवण के लिए वॉटरशेड वर्क मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया जाएगा।

पूरे देश में पहुंचा मानसून

## उत्तराखंड में बादल फटे, 9 मजदूर बहे



- चारधाम यात्रा अगले 24 घंटे के लिए रोकी
- हिमाचल के मनाली में हाईवे का हिस्सा बहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मानसून पूरे देश को कवर कर चुका है। पिछले एक हफ्त से लगातार बारिश की वजह से कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। भारी बारिश और खराब मौसम की वजह से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा अगले 24 घंटे के लिए रोक दी गई है। ओडिशा के मयूरभंज जिले में भारी बारिश के चलते जमुआ घाट पुल टूट गया। उत्तरकाशी में यमुनोत्री मार्ग पर बादल फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि 7 लापता हैं।

### अगले 7 दिनों तक भारी बारिश का अनुमान

इसके साथ ही उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के कई भागों में अगले 7 दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश के भी अनुमान हैं। मध्य प्रदेश, बिहार, विदर्भ, छत्तीसगढ़, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड में भारी से बहुत भारी वर्षा का अनुमान है।

## ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवकों को रौंदा, 4 की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार एक बालक सहित 4 लोगों को रौंद दिया। इस भीषण हादसे के बाद ट्रक चालक पहियों में फंसे मोटरसाइकिल सवारों को कई मीटर दूर तक घसीटता ले गया।

हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर रीवा के समीप रीवा-प्रयागराज कलवारी मार्ग पर करीब दोपहर ढाई बजे हुआ। जब तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल ट्रक के पिछले हिस्से में फंसकर दूर तक घिसटती चली गई। ट्रक की तेज रफ्तार और लापरवाही को इस हादसे की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने घटना के तुरंत बाद पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। गढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगेव भेजा, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बाद किसी को बचाया नहीं जा सका। फिलहाल, मृतकों की शिनाख्त की कोशिश पुलिस कर रही है। फिलहाल पुलिस को जो सूचना मिल रही है, उसके अनुसार सभी मृतक लौरी गढ़ के बताए जा रहे हैं। खबर लिखे जाने तक पुष्टि नहीं हुई थी, पुलिस जांच में जुटी हुई है।

मुख्यमंत्री ने सूरत में निवेशकों से किया संवाद, मप्र की खूबियां बताईं

## अहमदाबाद में स्थापित होगा मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम का कार्यालय

- 15 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले
- 11 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने तथा प्रदेश में निवेश प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम का एक कार्यालय अहमदाबाद में आरंभ किया जाएगा। मध्यप्रदेश में निवेश आकर्षित करने की पहल सूरत में रंग लाई जहां निवेशकों से 15,710 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए हैं। इन प्रस्तावों के फलीभूत होने पर 11,250 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। औद्योगिक तथा व्यापार गतिविधियों को विस्तार देने के लिए प्रक्रियाओं में सरलता, सुगमता, निष्पक्षता, पारदर्शिता और समय सीमा का पालन महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार इन सभी बिंदुओं के साथ प्रदेश में पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाते हुए प्रदेश भारी उद्योग, एमएसएमई सहित लघु और कुटीर उद्योगों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सूरत ऐतिहासिक रूप से देश- दुनिया में उद्योग और व्यापार का प्रमुख केंद्र रहा है। प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से औद्योगिक समूहों से जुड़ाव बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा यह इन्टरैक्टिव सेशन आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर होटल मेरियट सूरत में आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में राज्य के औद्योगिक विकास के दीर्घकालिक दृष्टिकोण, अधोसंरचना विस्तार और निवेशकों के लिए बनाए गए भरोसेमंद वातावरण पर प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के भौगोलिक विस्तार, औद्योगिक क्षमताओं, अधोसंरचना और नीतिगत नवाचारों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की 39 प्रतिशत कृषि विकास दर, विभिन्न उद्योगों के लिए आवश्यक स्किल्स से युक्त मानव संसाधन और पर्याप्त खनिज उपलब्धता राज्य को सभी सेक्टर्स के लिए उपयुक्त बनाते हैं। प्रदेश में वस्त्र उद्योग, फार्मास्युटिकल, स्वास्थ्य,पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों में विस्तार की पर्याप्त संभावना है। हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि सब्सिडी डीबीटी के माध्यम से सीधे संबंधित के बैंक खाते में पहुंचनी चाहिए। सरकार ने छोटे और बड़े सभी कारोबारियों को उनके हक का एक-एक रुपया भेजने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुजरात भारत ही नहीं दुनिया में सिरमौर है। उन्होंने महात्मा गांधी और सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कुछ ही वर्षों में विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में शामिल हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज सुरक्षित और समृद्ध है। अयोध्या में बना भव्य श्रीराम मंदिर, महाकाल महालोक और वाराणसी का बदला स्वरूप प्रधानमंत्री श्री मोदी की आभा का विस्तार कर रहा है। गुजरात ने ही देश को सरदार वल्लभ भाई पटेल और श्री अमित शाह जैसे विलक्षण गृह मंत्री दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुजरात वासियों ने अपनी क्षमता, योग्यता और प्रबंधन के बलबूते पर व्यापार, उद्योग और तकनीक के क्षेत्र में श्रेष्ठता स्थापित की है। गुजरात वासियों ने देश-दुनिया में अपनी विशेष पहचान बनाई है। न्यूनतम संसाधनों में श्रेष्ठतम जीवन जीने और व्यापार- उद्योग संचालन के उनके कई उदाहरण सभी के सामने हैं।

तत्काल टिकट व आरक्षण चार्ट बनाने का बदला जा रहा तरीका

## रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में कल से बड़ा बदलाव

### चार्ट ट्रेन प्रस्थान से 8 घंटे पहले किया जाए तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में एक जुलाई से बड़ा बदलाव करने जा रही है, जिसके फलस्वरूप टिकट बुकिंग क्षमता में विस्तार और तत्काल टिकट बुकिंग में उपयोगकर्ता के आधार से प्रमाणीकरण के साथ साथ आरक्षण चार्ट बनाने का तरीका भी बदला जा रहा है।



आधिकारिक सूत्रों ने यहां कहा कि भारतीय रेल यात्रियों के संपूर्ण यात्रा अनुभव को यात्री-केंद्रित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलयात्रा की शुरुआत टिकट आरक्षण से होती है और इसे सरल व सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे कई कदम उठा रही है। हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन सुधारों की समीक्षा की थी और निर्देश दिए थे कि टिकटिंग प्रणाली को स्मार्ट, पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी होना चाहिए। योजना निर्माण में यात्री सुविधा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि यात्रियों को एक सहज और आरामदायक अनुभव मिल सके। सूत्रों के अनुसार नई चार्टिंग प्रणाली से यात्रा योजना में यात्रियों को तैयारी करने में अधिक सुविधा होगी। वर्तमान व्यवस्था में अभी आरक्षण चार्ट ट्रेन प्रस्थान के चार घंटे पहले बनाया जाता है जिससे यात्रियों में अनिश्चितता बनी रहती है, विशेषकर उन लोगों के लिए जो आस-पास के क्षेत्रों से ट्रेन पकड़ने आते हैं। अब नई प्रणाली के लिए रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव किया है कि चार्ट ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले तैयार किया जाए। यदि ट्रेन अपराह्न दो बजे से पहले प्रस्थान करती है तो चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे ही तैयार कर लिया जाएगा। रेल मंत्री ने इस प्रस्ताव से सहमति जताई है और चरणबद्ध तरीके से इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं ताकि कोई व्यवधान न हो। सूत्रों के अनुसार दिसंबर 2025 तक नई और आधुनिक यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) लागू हो जाएगी। रेल मंत्री ने नई पीआरएस प्रणाली की प्रगति की समीक्षा की है। इस परियोजना पर पिछले कुछ महीनों से क्रिस कार्य कर रहा है। नई प्रणाली अधिक लचीली, सक्षम और मौजूदा लोड से दस गुना अधिक संभालने में सक्षम होगी। टिकट बुकिंग क्षमता वर्तमान 32 हजार प्रति मिनट से बढ़कर 1.5 लाख टिकट प्रति मिनट होगी।

'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की तारीफ

## बालाघाट की सुमा दीदी बनीं बिजनेस वुमन, अन्य महिलाओं को भी कर रहीं प्रेरित

### दीदी कैंटीन से थर्मल थैरेपी तक, दोगुनी से ज़्यादा हुई आय



**भोपाल, देशबन्धु।** 'जज़्बा हो तो हमारी माताएं-बहनें भी बिज़नेस वुमन बन सकती हैं,' यह शब्द हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के। जो उन्होंने 'मन की बात' में कहे। उन्होंने इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की एक महिला उद्यमी, सुमा उईके का विशेष रूप से उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि कटंगी विकासखंड के ग्राम भजियापार की रहने वाली सुमा उईके ने कैसे अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और आजीविका मिशन की मदद से खुद को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' में नाम का जिक्र होने के बाद से सुमा उईके के साथ पूरे बालाघाट में उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'मन की बात' में उनके कार्यों की सराहना किया जाना, न केवल सुमा दीदी के लिए बल्कि पूरे बालाघाट और प्रदेशभर के लिए गौरव की बात है। गृहिणी सुमा ने आजीविका मिशन के कर्मियों से मिले मार्गदर्शन के बाद महिलाओं को संगठित कर 'आदिवासी आजीविका विकास स्व-सहायता समूह' का गठन किया, जिसकी वह अध्यक्ष बनीं। उन्होंने आर-सेटी से ऑर्गेनिक मशरूम उत्पादन और सीटीसी से पशुपालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 2021 में उन्होंने 2 हजार रुपए की ऋण सहायता से मशरूम उत्पादन की शुरुआत की। हालांकि लॉकडाउन के कारण यह कार्य बाधित हुआ, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

## संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने ...

# रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपीलीय अधिकारी नियुक्त

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल एम.बी. ओझा ने मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ग (2) के प्रावधानों के अन्तर्गत कानन तवा महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित रानीपुर, जिला नर्मदापुरम के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए श्रीमती विनीता चौधरी, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, जिला नर्मदापुरम को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरूद्ध अपील प्राप्त करने एवं अपील का निर्धारित अवधि में निराकरण करने हेतु उपायुक्त, सहकारिता, जिला नर्मदापुरम को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है।

**बेटी बचाओ कार्यक्रमः बैतूल।** चिचोली में डीबी फाउंडेशन संस्था द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुईं, जिन्होंने संस्था के कार्यों की सराहना की।

# वैश्य महासम्मेलनः शिक्षा ही है समाज की असली ताकत

**हरदा ,देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन जिला हरदा द्वारा जिला स्तरीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह एवं जिला बैठक का भव्य आयोजन रविवार 29 जून को होटल बगिया में किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य समाज युवा इकाई के प्रदेशाध्यक्ष विकास डागा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा शिक्षा ही समाज की असली ताकत है। आज की प्रतिभाएं ही कल का नेतृत्व करेंगी। समाज को अपने बच्चों को आगे बढ़ने के हर अवसर देने चाहिए। वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ वैश्य कुलदेवी माँ लक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात पधारे सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हरदा जिले के कुल 75 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष माहसम्मेलन द्वारा मेधावी



छात्र-छात्राओं का सम्मान समाज के प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिन पर सम्मान समारोह आयोजित कर किया जाता है। इसमें 10वीं, 12वीं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। जिलाध्यक्ष दीपक नेमा ने इस अवसर पर बताया कि बच्चों के साथ उनके माता-पिता व अन्य अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को पारिवारिक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया। साथ ही उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सामाजिक ज्ञान और समग्र विकास के अन्य पहलुओं पर ध्यान देने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम में प्रेरक वक्ता राजीव खंडेलवाल ने छात्रों को जीवन की चुनौतियों से न घबराकर उनका सामना करने और अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की सीख दी। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेंद्र जैन ने कहा कि छात्र-छात्राएं अपने लक्ष्य को पाने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें। अच्छे अंकों से पास होकर माता-पिता, समाज, व देश का नाम रोशन करें। विद्यार्थियों की मेहनत को सम्मान मिले तो उसका हौसला बढ़ता है। आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

### यह रहे प्रमुख रूप से मौजूद

आयोजन में आलोक गोयल, कमल अजमेरा, माया सिंहल, बल्लभ तोषनीवाल, अजय अग्रवाल, अरूण जैन, आलोक जैन, कमल किशोर बांगड, संदीप सिंहल, धीरज मूंदड़ा, डॉं नवीन जैन, दीपक जैन, प्रमिला जैन, अमित तोषनीवाल, जयकृष्ण चांडक, श्याम अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### गौशाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधारोपण

# नयागांव पंचायत में श्री ठाकुरजी दर्शन गोशाला का उद्घाटन, अतिथियों ने गिनाए गोपालन के लाभ





### विधायक ने कहा : गोमाता की सच्ची सेवा ही परमात्मा की सेवा है...

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** विकासखंड बनखेड़ी की ग्राम पंचायत नयागांव में शासन की योजना से निर्मित श्री ठाकुर जी दर्शन गौशाला का रविवार को भव्य रूप से उद्घाटन किया गया। समारोह में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नरोलिया, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पिपरिया नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, बनखेड़ी नपाध्यक्ष हरीश मालानी और जिला पंचायत सदस्य भगवती पटेल ने पूजा-अर्चना कर गौशाला का लोकार्पण किया। अतिथियों ने गौ पूजन किया और गाय-बछिया को मिष्ठान खिलाकर सेवा भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गौशाला परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि नर्मदापुरम जिले में प्रदेश सरकार द्वारा गौ अभ्यारण स्वीकृत किया गया है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से गौ माता की सेवा के लिए भू-सदान और गौग्रास दान का आग्रह किया। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नरोलिया ने गौ पालन के लाभ गिनाते हुए गाय का दूध अमृत तुल्य है, जिससे शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा माता-पिता की सेवा के समान पुण्यकारी है और हमारे ग्रंथों में भी गौ के महत्व को प्रमुखता से दर्शाया गया है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि गौ माता की सेवा ही परमात्मा की सेवा है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने घरों में गौ पालन करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान कर रही है। इस कार्यक्रम में पिपरिया जनपद उपाध्यक्ष कुसुमलता पटेल, माधवदास अग्रवाल, नीतिराज सिंह पटेल, पूर्णिमा पटेल, कमलकिशोर भार्गव, मीडिया प्रभारी गजेन्द्र सिंह पटेल, सोनू साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अमरसिंह को मिली खेत तालाब की सौगात

**हरदा, देशबन्धु।** हरदा , मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई में प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से सरकार और समाज के द्वारा पुरानी जल संरचनाओं में जल भरण, जल के प्रबंधन तथा नई जल संरचनाओं के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जल के बिना जीवन की परिकल्पना शून्य है और इसके बिना न तो कृषि संभव है, न ही उद्योग, और न ही हमारी दैनिक आवश्यकताएँ पूरी हो सकती हैं। जल का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। जिले की जनपद पंचायत हरदा के ग्राम झालवा निवासी किसान अमरसिंह निर्भयसिंह को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवीन खेत तालाब उपहार में मिला। खेत तालाब बनने से अब अमरसिंह को फसल की सिंचाई के लिए वर्षा का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। खेत तालाब का निर्माण होने से अमरसिंह बहुत खुश है। अमरसिंह की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नही थी कि वह फसलों की सिंचाई या अन्य कार्य के लिए सिंचाई का साधन जुटा सके। अमरसिंह बताता है कि खेती का कार्य पूरी तरह वर्षा जल पर निर्भर था, जिस वर्ष अच्छी बारिश नहीं होती थी, उस वर्ष सिंचाई का साधन न होने के कारण फसलें सूख जाती थी। खेत तालाब का निर्माण हो जाने से अब उसे इस चिंता से मुक्ति मिल गई है। इसके लिए वह प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दिल से आभार व्यक्त करता है।

## बारिश का हालः महीने भर में 1051.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून 2025 से 29 जून को प्रातः 8 बजे तक जिले में 1051.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 857.2 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 29 जून 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 5.1 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 1.0 मिलीमीटर, इटारसी में 3.8 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 2.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.4 मिलीमीटर, पचमढी में 1.8 एवं तहसील डोलरिया में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

## पिछले 24 घंटों में जिले में 0.6 मि.मी. औसत वर्षा

**हरदा** , जिले में गत चौबीस घंटों में 0.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0.5 मि.मी., टिमरनी में 3.2 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 0 मि.मी. तथा रहटगांव में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 192 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 172 मि.मी., टिमरनी में 234.4 मि.मी., खिरकिया में 277.6 मि.मी., सिराली में 176.4 तथा रहटगांव में 99.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 29 जून तक 98.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### जगह-जगह हुआ स्वागत, नगरवासियों ने फूलों से लुटाया प्यार

# सीआईएसएफ जवान के रूप में खिरकिया लौटा जितेंद्र , नगरवासियों ने पलकों पर बैठाया, दिखा देशभक्ति का रंग



**खिरकिया , देशबन्धु।** आज खिरकिया में देशभक्ति और गर्व का एक खास लम्हा देखा गया, जब सीआईएसएफ में चयनित जितेंद्र भैसारे अपनी ट्रेनिंग पूरी कर कामायनी एक्सप्रेस से घर लौटे। जितेंद्र की कहानी आम नहीं, संघर्ष से सजी प्रेरणा की मिसाल है। माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन जितेंद्र ने कभी हालात को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। जितेंद्र 15 जनवरी को गए थे ट्रेनिंग और आज देश के जवान बनकर लौटे हैं।

जितेंद्र का चयन सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) में हुआ था। 15 जनवरी को वे ट्रेनिंग के लिए कोटा, राजस्थान रवाना हुए थे। आज ट्रेनिंग पूरी कर वे जब वापस लौटे, तो पूरा खिरकिया उनका गर्व और सम्मान के साथ स्वागत करता नजर आया ।तीन भाइयों में सबसे बड़े जितेंद्र ने अपने जीवन की सारी जिम्मेदारियां बखूबी निभाईं और अब वर्दी पहनकर देश की सेवा करने निकले हैं।

### नगर में जगह-जगह हुआ गर्मजोशी से स्वागत

कामायनी ट्रेन से खिरकिया स्टेशन पहुंचते ही नागरिकों और युवा साथियों ने जितेंद्र का भव्य स्वागत किया। स्वागत में शामिल प्रमुख जनप्रतिनिधि और नागरिक्पार्षद किरण नरेंद्र आठनेरे,साबिर अली, मुस्तकीम अहमद, ऋतिक दूधवाला, शशि आठनेरे,शुभम सेजकर, लकी सेजकर, छोटू उमरिया, धीरज उमरिया, वीरेंद्र चौरे शेख सोहेल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सिनर्जी संस्थान के युवालय कार्यक्रम अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# पटालदा की टीम का चमका सितारा, 5 अंक से फाइनल जीता

**हरदा, देशबन्धु।** सिनर्जी संस्थान के युवालय कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को गुर्जर छात्रावास सिराली में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सिराली सहित हरदा जिले के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन गिरी गोस्वामी व शिवदास गुर्जर पार्षद सिराली उपस्थित रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और विजेता-उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवालय कार्यक्रम के मूल्यों — दोस्ती, मस्ती, विकास, प्यार और समानता की भावना को युवाओं के बीच प्रोत्साहित करना था। इस प्रतियोगिता में 200 से अधिक युवा साथी और 11 टीमों ने भाग लिया। पहले राउंड में गोमगांव ने 13 अंक, जामनिया ने 22 अंक, नीमढाना ने 37 अंक, पटालदा ने 17 अंक और सिराली ने 35 अंक बनाए। इनके अलावा बीबीसी भटपुरा, खुड़िया, पिपल्या, भटपुरा-2 और जिनवानिया की टीमों ने भी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। सेमी फाइनल में गोमगांव, जामनिया, ( 8 अंक) पटालदा (17 अंक), नीमढाना , सिराली और महेंदगांव ने 11 अंक बनाये इन टीमों ने प्रतिस्पर्धा की। फाइनल राउन्ड मे पटालदा और जामनिया की टीमों ने प्रतिस्पर्धा की जिसमे पटालदा ने 5 अंक से फाइनल जीता । प्रतियोगिता का संचालन युवालय टीम की अर्चना भवरे, स्वरूप राजपूत, राकेश प्रजापति, निलेश मोरे , दीपक सीटोके, प्रीति राठौर और अभय मरापे ने किया। साथ ही युवालय वॉलंटियर्स पीयूष, सोनम, यश, रीतिका और हर्षित ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।





# मोरगढ़ी के रोजगार मेले में 23 युवाओं का प्राथमिक चयन हुआ



**हरदा, देशबन्धु।** म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जनपद पंचायत खिरकिया की ग्राम पंचायत मोरगडी में रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिला प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि इस रोजगार मेले में प्रथम एज्युकेषन भोपाल, एसआईएस सिक्युरिटी जसपुर, शिव शक्ति एग्रोटेक भोपाल की कंपनियो ने सहभागिता की। रोजगार मेले में 54 बेरोजगार युवक/युवतियों ने अपना पंजीयन कराया। इनमें से 23 युवाओं को कंपनियो के द्वारा चयनित किया गया है। मेले में म.प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से विकासखंड प्रबंधक संतोष बासकेल एवं सहायक विकासखंड प्रबंधक खिरकिया अशोक पवार एवं कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सफलता की कहानीः शासकीय योजनाओं ने उन लोगों के जीवन में सफलता के रंग भर दिए जिन्हें निराशा घेर रही थी, अब वो उत्साहित हैं

# अंगूरी अहिरवार ने दिखा दिया महिलाएं किसी से कम नहीं

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले के ग्राम भटगांव की रहने वाली अंगूरी अहिरवार आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। एक समय था जब उनका परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, लेकिन आज वे न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। श्रीमती अंगूरी अहिरवारका जीवन बदलने की शुरुआत 18 फरवरी 2019 को हुई, जब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्राम में महिला समूहों के गठन का कार्य किया गया। अंगूरी



अहिरवार ने साईराम स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा दी। समूह से जुड़ने के बाद दीदी को आजीविका गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने ग्राम में ही एक कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टस्ष्ट) शुरू किया, जिससे न केवल उनकी आमदनी बढ़ी बल्कि ग्रामवासियों को भी ऑनलाईन सेवाओं का लाभ मिलने लगा। अब वृद्धजनों को पेंशन के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता, बैंकिंग कार्य भी ग्राम में ही संभव हो गए हैं। इतना ही नहीं, अंगूरी अहिरवार ने मछली पालन की गतिविधि भी शुरू की जिससे उनकी आय में और वृद्धि हुई। विभिन्न संस्थाओं से मार्गदर्शन प्राप्त कर उन्होंने इस क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया।

### अच्छी खासा कमाने लगी तो लौटी खुशियां

वर्तमान में अंगूरी अहिरवार की मासिक आय लगभग 13,000 तक पहुंच गई है। जिसमें सेंटर से 5,000 एवं मछली पालन से 8 हजार रुपए की आय शामिल है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत उन्हें 1250 रुपए मासिक सम्मान राशि भी प्राप्त हो रही है। श्रीमती अंगूरी अहिरवार बताती है कि उन्होंने अपने समूह और परिवार के सहयोग से अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफल रही हैं। अब वे अन्य महिलाओं को भी स्व-सहायता समूहों में शामिल होने के लिए प्रेरित करती हूं। आज श्रीमती अंगूरी न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सामाजिक रूप से भी सशक्त हुई हैं। वे समूह और ग्राम संगठन की बैठकों में सक्रिय भूमिका निभाकर महिलाओं को विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं साईराम स्व-सहायता समूह के सहयोग से अंगूरी अहिरवार ने जो सफलता प्राप्त की है, वह निश्चित ही अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए एक प्रेरक उदाहरण है।

## खुशियों की दास्तानः ड्रिप इरीगेशन तकनीक से कृषक आशीष गुर्जर ने ली बेहतर पैदावार



**बनखेड़ी/ नर्मदापुरम।** कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन और सिंचाई की आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाय) किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। इसी कड़ी में नर्मदापुरम जिले की बनखेड़ी तहसील के ग्राम आमगांव के प्रगतिशील कृषक आशीष कुमार गुर्जर ने अपने खेत में ड्रिप इरीगेशन तकनीक अपनाकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत मिले संसाधनों एवं तकनीकी मार्गदर्शन से श्री गुर्जर ने अपनी कृषि भूमि में ड्रिप इरीगेशन सिस्टम स्थापित किया। इस तकनीक से उन्होंने सब्जी की खेती कर बेहतरीन उत्पादन हासिल किया है। श्री गुर्जर बताते हैं कि ड्रिप इरीगेशन तकनीक के माध्यम से फसलों को जरूरत के अनुसार और नियमित रूप से जल की आपूर्ति होती है, जिससे न केवल फसल की पैदावार बढ़ती है बल्कि जल संरक्षण भी होता ह उन्होंने कहा कि इस पद्धति से खेतों में पानी का अपव्यय रुकता है और पौधों को जड़ों तक उचित नमी प्राप्त होती है। संचालन भी अत्यंत सरल और सुविधाजनक है।

### मैं बैतूल हूं... की मंच पर दी गई जीवंत प्रस्तुति को दर्शक एक टक निहारते रहे

# राजा जैतपाल, तात्या टोपे से लेकर राजा ईल ने दर्शकों के मन में बनाई जगह

### ब्रम्हांड से जो दिया बैतूल का इतिहास सराहनीय : हेमन्त खण्डेलवाल



**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के इतिहास की परिकल्पना युवाओं के सहयोग से मंच पर नजर आई। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मैं बैतूल हूं... का मंचन बैतूल के उत्कृष्ट कलाकारों ने जीवंत कर दिखाया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बैतूल विधायक एवं कार्यक्रम के संरक्षक हेमन्त खण्डेलवाल, नपा अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार समेत बड़ी संख्या में दर्शक गण शामिल हुए। इस अवसर पर युवा वर्ग द्वारा किये गए इस प्रयास की विधायक हेमन्त खण्डेलवाल ने खुलकर सराहना कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि, मैं बैतूल हूं के शीर्षक को कलाकारों ने जीवंत कर दिखाया। जिस तरह ब्रम्हांड से बैतूल का इतिहास जोड़ा गया, यह प्रयास काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि यह तो एक छोटा सा प्रयास है। कोशिश की जाए तो यह कार्यक्रम बड़े रूप में आयोजित किया जा सकता है। जिसमें हजारों की संख्या में जिलेवासी शामिल होकर जिले के इतिहास से रूबरू हो सकते हैं। राजा जैतपाल से लेकर राजा ईल और स्वतंत्रता सैनानी मंच पर आए नजर दरअसल मैं बैतूल हूं ..के मंचन की पटकथा और मंचन उत्कृष्ट कलाकार शिरीष ध्वनि और सूर्यदीप त्रिवेदी द्वारा तैयार की गई थी। ग्रुप में शामिल कलाकारों ने राजा जैतपाल से लेकर खण्डारा रियासत के राजा ईल, तात्या टोपे का अभिनय साकार किया। खास बात ये है कि,नाटक के मंचन में अंग्रेजों का शाषन काल तक शामिल किया गया था। अंग्रेजो ने जिस तरह जिले में अपनी आमद दी और देश को आजादी दिलाने में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका क्या रही इसे कलाकारों ने अपने अभिनय के रूप में जब प्रस्तुत किया तो हॉल तालियों की गगाहट से गूंज उठा।

कार्यक्रम में आदिवासी नृत्यों की बेहतरीन झलक भी नजर आई। आदिवासी समुदाय के युवाओ ने कोरकू और गोंधळ नृत्य की प्रस्तुति देकर जमकर तालियां बटोरी, विधायक हेमन्त खण्डेलवाल ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के सूत्रधार आदर्श सोनकपुरिया एवं संकल्प सिंह चौहान ने अतिथियों समेत सभी दर्शकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सताक्षी गौर द्वारा किया गया।

### गुप्त नवरात्रि में महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश तक, मां बगलामुखी की कृपा पाने उमड़े साधक

# शत्रु बाधा नाश की देवी मां बगलामुखी की शरण में पहुंचे दूर-दराज के साधक



**बैतूल, देशबन्धु।** गुप्त नवरात्रि का पावन अवसर साधना और साधकों के लिए परम विशेष होता है। दस महाविद्याओं में अष्टम महाविद्या मां बगलामुखी की उपासना को इस काल में विशेष फलदायी माना जाता है। मां बगलामुखी को शक्ति की अधिष्ठात्री देवी, पीताम्बरा और ब्रह्मास्त्र भी कहा जाता है। पीले वस्त्र, पीले फूल, पीले अनाज और पीली आभा से युक्त मां की साधना गुप्त नवरात्रि में साधकों को अद्वितीय दिव्य अनुभूति कराती है। बैतूल जिले के प्रसिद्ध मां बगलामुखी सिद्धपीठ सावंगी में इस बार गुप्त नवरात्रि के अवसर पर भव्य साधना पर्व मनाया जा रहा है। यहां दूर-दराज़ से भक्त, श्रद्धालु और साधक मां की मंत्र दीक्षा प्राप्त करने हेतु पहुंच रहे हैं। मां बगलामुखी सिद्ध साधक पूज्य आचार्य रविन्द्र मानकर जी के सानिध्य में मंत्र दीक्षा, साधना, पूजा-विधि और कुंडली समाधान प्राप्त कर भक्त माँ के चरणों में समर्पित हो रहे हैं। महाराष्ट्र के धुले जिले से आए डॉ. संदीप प्रहलाद वाडीले ने मां बगलामुखी की कृपा से अपने जीवन में प्राप्त हुए चमत्कारों को साझा करते हुए बताया कि सच्चे गुरु की प्राप्ति बहुत दुर्लभ है, लेकिन माँ पीताम्बरा की आराधना ने उन्हें परमज्ञानी गुरु रविन्द्र मानकर से मिला दिया। उन्होंने मां के चरणों में दीक्षा लेकर अपने जीवन को नया अध्याय दिया। वहीं, महाराष्ट्र के वाशिम जिले के मंगरुळपीर गांव से माधुरी गुंजकर अपनी माता के साथ 250 किलोमीटर की दूरी तय कर सावंगी मां बगलामुखी के दर्शन करने पहुँचीं। अपनी कठिनाइयों से जूझ रही माधुरी ने बताया कि जब वह जीवन के अंधेरे में डूबी थी, तब उन्हें यूट्यूब पर मां बगलामुखी मंदिर सावंगी के दर्शन हुए। वहीं से प्रेरणा लेकर वे यहां पहुंची और पूज्य गुरुदेव से मंत्र दीक्षा प्राप्त की।

# पुलिस ने की चोरों की ऐसी सेवा, बोले: अब चोरी से कर रहे तौबा



**चिचोली, देशबन्धु।** पिछले 15 दिन पहले चोरो ने चिचोली उत्कृष्ट स्कूल परिसर में निर्माण हो रहे छात्रावास का कमरा का ताला तोड़कर बिजली फिटिंग का लाखों रुपए कीमत का बिजली का तार का बंडल चुरा लिए चोरी की वारदात पास में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई इसके बाद पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी चिचोली पुलिस ने इस वारदात में शामिल दो चोरों को बाजार चौक से थाने से पैदल रास्ते बस स्टैंड तक ले गए। राह चलते सभी लोगों की निगाहें इन दोनों चोरों पर टिकी हुई थी। थाना प्रभारी हरिओम् पटेल ने बताया कि बैतूल रोड स्थित बालक हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में सरकारी छात्रावास का निर्माण कार्य चल रहा है इस दौरान कमरे में बिजली फिटिंग तार के बंडल रखे हुए थे। 15 दिन पहले चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर लाखों रुपए के तार के बंडल चुरा लिए यह चोरी की वारदात पास मे लगे सी सी कैमरे में कैद हो गई। जिनकी तलाश के बाद बैतूल कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ गए। इस वारदात में शामिल नितिन विश्वकर्मा निवासी भारत भारती 30 साल और पवन विश्वकर्मा निवासी खंजनपुर बैतूल 25 साल इन दोनों चोरों के पास से 22 बंडल बिजली का तार एवं चोरी में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई। दोनों चोरों को चिचोली बाजार चौक से पैदल रास्ते बस स्टैंड तक लाया गया पुलिस ने दोनों आरोपियों को जिला न्यायालय में पेश किया।

# इटारसी रेल जंक्शन में बैग चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, महंगा टैबलेट और सामान हुआ बरामद



**इटारसी, देशबन्धु।** रेल सुरक्षा बल ने इटारसी स्टेशन पर ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है। 28 जून 2025 को प्रात: लगभग 04 बजे इटारसी स्टेशन पर गाड़ी संख्या 18233 में यात्रा कर रही एक महिला यात्री का बैग चोरी होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही रेल सुरक्षा बल द्वारा तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज की सहायता से एक संदिग्ध व्यक्ति को बैग के साथ पकड़ लिया।

उक्त बैग की जांच करने पर उसमें ओप्पो कंपनी का टैब (कीमत 70,000 रुपए, पावर बैंक कीमत 3,500 रुपए, बॉटल एवं अन्य कॉस्मेटिक सामग्री कीमत 73,500 रुपए लगभग बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुनील कलमे, 29 वर्ष, निवासी जामुनिया, तहसील खिरकिया, जिला हरदा के रूप में हुई। इस कार्यवाही को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली टीम में सहायक उपनिरीक्षक प्रकाश बिल्लौरे, प्रधान आरक्षक राजेश यादव, प्रधान आरक्षक राजेश डेहरिया, प्रधान आरक्षक असलम जावेद तथा आरक्षक निर्मल पटेल शामिल रहे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि उक्त आरोपी को बरामद सामग्री सहित जीआरपी इटारसी के सुपुर्द कर दिया गया। जीआरपी इटारसी द्वारा अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

## अड़ीबाजी कर पैसे मांगे, मना करने पर लकड़ी और पत्थर से मारा

**इटारसी।** रेलवे स्टेशन के आटो स्टैंड तथा पत्ती बाजार में दो अलग-अलग स्थानों पर अड़ीबाजी कर पैसे मांगने और नहीं देने पर लकड़ी और पत्थर से मारपीट करने की घटना हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कमलेश पिता अमर भेरूआ 20 वर्ष, निवासी साईंनाथ बेकरी बंगलिया ने शिकायत दर्ज करायी है कि भूरू मेहरा निवासी नाला मोहल्ला ने रेलवे आटो स्टैंड के सामने उससे दो हजार रुपए मांगते हुए अड़ी बाजी की। मना करने पर गाली देते हुए पास पड़ी लकड़ी उठाकर उससे मारा और जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह से ईरानी डेरा के पहले मंदिर के पास पत्ती बाजार में आवेश राइन पिता शफीक राइन 27 वर्ष निवासी इंदिरा कालोनी ने शिकायत दर्ज करायी है कि मुख्तार अली पिता सलीम ईरानी निवासी ईरानी डेरा ने पांच सौ रुपए की अड़ीबाजी कर उससे मारपीट की और पास पड़े पत्थर से सिर पर मारा, जिससे उसे चोट आयी है।

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने की दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग

# यूपी में कथा वाचक के साथ अमानवीय घटना के विरोध में यादव समाज ने सौंपा ज्ञापन



**बैतूल, देशबन्धु।** इटावा जिले के बकेबर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दादरपुर में विगत 22 जून को श्रीमद्भागवत कथा वाचक मुकुटमणि यादव और उनके साथियों के साथ हुई अमानवीय, जातिगत और बर्बर घटना से आक्रोशित यादव समाज ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। घटना के विरोध में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्यप्रदेश के बैनर तले समस्त यादव समाज के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सामूहिक ज्ञापन सौंपा गया। संतोष यादव ने कहा कि इस घटना से पूरे देश का यादव समाज आहत है। उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में कोई जातिगत जहर घोलने की हिम्मत न कर सके। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने मांग की कि इस कांड को सामूहिक सामाजिक अपराध माना जाए और दोषियों पर राष्ट्रीय एकता भंग करने, जातीय विद्वेष फैलाने, सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और एकजुटता का प्रदर्शन किया। समाजजनों ने जिला प्रशासन से तत्काल प्रभाव से इस मामले को प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाने की मांग की। यादव समाज ने चेताया कि यदि समय रहते दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## इस सीजन में अब तक पिछले वर्ष से अधिक हो गई वर्षा

**इटारसी।** नर्मदापुरम जिले में अब तक पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक वर्षा हो चुकी है। इसमें सबसे अधिक वर्षा नर्मदापुरम तहसील में हुई है जबकि सबसे कम बनखेड़ी में हुई है। जिले में अब तक औसत वर्षा 116.8 मिमी हुई है जबकि पिछले वर्ष यह 95.2 मिमी थी। वर्षा के मामले में इस वर्ष पचमढ़ी भी नर्मदापुरम के मुकाबले पिछड़ गई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में नर्मदापुरम में 5.1 मिमी, अब तक कुल 275 मिमी, सिवनी मालवा में 1 मिमी, अब तक कुल 76 मिमी, इटारसी में 3.8 मिमी, अब तक कुल 83.4 मिमी, माखननगर में अब तक कुल 94 मिमी, सोहागपुर में अब तक कुल 95 मिमी, पिपरिया में चौबीस घंटे में 2 मिमी और अब तक कुल 78.8 मिमी, बनखेड़ी में 0.4 मिमी, कुल 75.6 मिमी, पचमढ़ी में 1.8 मिमी, डोलरिया में 92.5 मिमी वर्षा हो चुकी है।

### नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने इटारसी में बच्चों से की मुलाकात

# तिलक सिंदूर में गोविंद नगर सैनिक स्कूल का शैक्षिक भ्रमण, दिखा प्रकृति और ज्ञान का संगम



**इटारसी, देशबन्धु।** गोविंद नगर बनखेड़ी सैनिक स्कूल के छात्रों ने हाल ही में तिलक सिंदूर वन क्षेत्र, नर्मदापुरम का एक सफल शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रकृति और वनस्पतियों के बारे में गहन जानकारी देना और स्थानीय मंदिर के दर्शन कराना था। इस शैक्षिक यात्रा के दौरान, छात्रों को वन क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी मिली। एसडीओ रामकिशोर चौरे ने उन्हें वन में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों और जीव-जन्तुओं से अवगत कराया। रेंजर महेंद्र गौर ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया, जिससे उन्हें वन पारिस्थितिकी तंत्र को समझने में मदद मिली।

यह पूरा भ्रमण कार्यक्रम स्कूल के प्रबंधक धर्मेन्द्र गुर्जर के विशेष मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्राचार्य विष्णु श्रीवास्तव, सैनिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी सूबेदार सियाशरण मिश्रा, और छात्रावास अधीक्षक आनंद चौरसिया ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूबेदार सियाशरण मिश्रा ने छात्रों को तिलक सिंदूर वन क्षेत्र से संबंधित विभिन्न ऐतिहासिक और प्राकृतिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। समस्त स्कूल स्टाफ के सहयोग से यह शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गोविंद नगर स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने इस भ्रमण को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे का हार्दिक धन्यवाद किया।

## विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने सुनी 'मन की बात'

**इटारसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को आज इटारसी में भाजपा विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सुना। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल द्वारा बूथ क्रांक 179 पर अमृता मनीष ठाकुर के निवास पर किया गया था।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता जय किशोर चौधरी, महाविद्यालय अध्यक्ष नीरज जैन, सभापति राकेश यादव, मनजीत कलोसिया, सभापति अमृता मनीष ठाकुर, पार्षद राहुल प्रधान और भाजपा नगर महामंत्री शैलेंद्र दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रमुख राहुल भावसार ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सभी ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और देश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

# बरसात होते ही घरों में घुसता है बदबूदार पानी, कॉलोनाइजर पर नहीं हुई कार्रवाई



**खिरकिया, देशबन्धु।** नगर के बीचोबीच विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण, इन दिनों बड़ी मैदान के बड़े हिस्से में गंदा पानी भर गया है। लगातार बारिश के कारण यह जलभराव अब स्थायी गंदगी में तब्दील हो गया है, जिससे मच्छर, कीड़े-मकोड़े और बदबू नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुकी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर प्रशासन न तो अवैध कॉलोनाइजर पर कोई दंडात्मक कार्रवाई कर रहा है, न ही जल निकासी की दिशा में कोई ठोस उपाय कर रहा है। गंदा पानी ओवरफ्लो होकर घुसता घरों में घुसता है। वार्ड नंबर 7 के रहवासियों ने बताया कि बारिश होते ही कॉलोनी के आसपास जमा यह गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सीधे उनके घरों में घुस जाता है। और गंदे पानी में पनपते कीट-पतंगे और जीव-जंतु भी स्थानीय लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम बन चुके हैं। कॉलोनाइजर पर कोई कार्रवाई नहीं, स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि जिस अवैध कॉलोनी में यह जलभराव हुआ है, वहां के कॉलोनाइजर ने बिना स्वीकृति के प्लॉट काटे, लेकिन न कोई नाला बनाया और न ही जल निकासी की योजना दी। नगर परिषद को कई बार शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता होती है। नगरिकों ने मांग की है कि तत्काल निकासी और जुर्माना किया जाए क्योंकि नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

### महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने पहल: एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के अंतर्गत

# सुखतवा में महिला सशक्तिकरण केन्द्र का शुभारंभ, सिलाई प्रशिक्षण मिलेगा

### एकल अभियान भारत के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में स्किल से संबंधित कार्य कर रहा है



**इटारसी, देशबन्धु।** सुखतवा में एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। यहां महिला सशक्तिकरण अंतर्गत महिलाओं सिलाई सिखाकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। एकल अभियान भारत के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में स्किल से संबंधित कार्य कर रहा है, उसी का एक बड़ा स्थाई प्रकल्प सुखतवा इटारसी में महिला सशक्तिकरण केंद्र के रूप में खोला गया है, जिसका शुभारंभ गायत्री मंत्र से किया, मां भारती एवं सरस्वती की पूजा एवं मंदिर में शिव शंकर भोलेनाथ की आराधना की गई।

मुख्य अतिथि अशोक साहू अध्यक्ष, श्रीमती रामकली सरपंच, श्रीमती गीता उईके, श्रीमती आशा चौरे, मोतीलाल यादव छात्रावास अधीक्षक, अंकित यादव, अजय साहू ने फीता खोलकर महिला सशक्तिकरण केंद्र का शुभारंभ किया। सभी महिलाओं ने मशीनों की पूजा की। संचालन एकल ग्रामउत्थान फाउंडेशन के केंद्रीय सहयोजना प्रमुख दिलीप वाडिवा एवं जोनल कोऑर्डिनेटर रघुनंदन गौतम ने किया। कार्यक्रम में एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के प्रोजेक्ट हेड आशीष शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। पवन यादव ने सभी उपस्थित सदस्यों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाकौशल संभाग के स्टेट कोऑर्डिनेटर बलदेव सिंह, एकल ग्रामउत्थान केंद्र मिढ़ली के केंद्र समन्वयक ऋतिक परिहार, शाहगंज केंद्र के समन्वयक सचिन गुंद्राजिया, अंकित एवं धर्म सिंह कासदे, अंचल प्राथमिक शिक्षक प्रमुख, सुखदेव खंडेलवाल, सुशील सुखतवा केंद्र समन्वयक, अनुसुइया धुर्वे WEC ट्रेनर सुखतवा एवं आसपास के ग्रामीण एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला हॉकी संघ की कार्यकारिणी भंग, कार्यकाल पूर्ण, अब नये चुनाव होंगे



**इटारसी, देशबन्धु।** जिला हॉकी संघ की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद आज रविवार को फ्रेन्ड्स स्कूल में हुई बैठक में कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। नयी कार्यकारिणी के चुनाव होने तक कन्हैया गुरयानी को कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। आज संघ के सदस्यों ने सर्वसम्मति से वर्तमान कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए करतल ध्वनि से सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया।दोपहर में बैठक से पूर्व वर्तमान कार्यकाल पर चर्चा हुई, सभी ने कार्यकारिणी के सफल कार्यकाल पर बधाई दी। निवृतमान अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि चार वर्ष का कार्यकाल बिना किसी विवाद के सभी के सहयोग से सफल रहा। उन्होंने कार्यकाल में सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद दिया। निवृतमान कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी ने नवीन कार्यकारिणी के गठन होने तक कन्हैया गुरयानी का नाम कार्यकारी अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर प्रशांत जैन, शिरीष कोठारी, राजेन्द्र तोमर, साजिद मलिक, अखिल दुबे, हिमांशु अग्रवाल, सर्वजीत सिंघ सैनी, डॉ. ताविश अरोरा, मो. जाफर सिद्दीकी, मनमोहन सिंघ वाही, जयराज सिंह, एमए कुरैशी, मयंक जेम्स, रवि हरदुआ, परमीत सिंघ भाटिया, राजू हरदुआ, सौरभ दास, सुश्री मंजू ठाकुर, नंदकिशोर विनोदिया, रोहित नागे, अजय अल्वर्ट जोसफ, विशाल तोमर, साहिल चौरे, राजेश पंडित, रितेश जैन, वैभव अग्रवाल, राजेश पटवा, मोनू गुप्ता, आशीष शर्मा, मितेश चेलानी, अमित श्रीवास, अमजद गोलंदाज, सुशील शुक्ला, रमाशंकर कौल, मेहबूब खान, मंगेश यादव, राजकुमार बावरिया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

नर्मदापुरम, सोमवार 30 जून 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# धर्मोन्मादी राजनीति का नुकसान

भाजपा धर्म और संस्कृति की माला दिन-रात जपती है। उसकी सारी राजनीति ही धार्मिक मुद्दों के इर्द-गिर्द रहती है। अपने फायदे के लिए लोगों में धर्मांधता और धर्मोन्माद जगाने से भी भाजपा को परहेज नहीं है। ऐसा करके भाजपा को तो सत्ता हासिल हो रही है, लेकिन आम जनता का कितना नुकसान होता जा रहा है, इसका ताजा उदाहरण पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा में हुई भगदड़ से सामने आया है। अभी छह महीने नहीं बीते, जब प्रयागराज में महाकुंभ में भारी भगदड़ मची थी। भाजपा सरकार को इस बात का रिकार्ड कायम करना था कि उसके शासनकाल में आयोजित कुंभ मेले में श्रद्धालुओं की कितनी भीड़ जुट रही है। रोजाना के आंकड़े सरकार पेश करती थी कि आज इतने करोड़ लोग पहुंचे, आज इतने करोड़ लोगों ने स्नान किया। देश-दुनिया से श्रद्धालु ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे, इसके लिए खूब विज्ञापन और प्रचार-प्रसार किया गया। हालांकि भारत में सदियों से धार्मिक आयोजन होते रहे हैं और जिन्हें सच में श्रद्धा होती है, वे अपने आप तीर्थाटन के लिए निकलते ही हैं। किंतु भाजपा के शासनकाल में तीर्थ यात्रा, धार्मिक मेले इन सब में अब श्रद्धा से ज्यादा दिखावे का बोलबाला दिखने लगा है। लोग धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं और जिन पर व्यवस्था की जिम्मेदारी होती है, उनकी लापरवाही अक्सर जानलेवा साबित हो रही है। महाकुंभ में मची भगदड़ में कई लोग मारे गए और सरकार ने अब तक उनकी सही संख्या नहीं दी है। अब रथयात्रा में भी भगदड़ से कम से कम तीन लोगों की मौत की खबर है।

भारत के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सवों में से एक पुरी की जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान रविवार तड़के गुंडिचा मंदिर के पास सराधाबली में भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई। जिसमें तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। रथ यात्रा के तीसरे दिन, जब रथ गुंडिचा मंदिर के पास था, तब भारी भीड़ ने दर्शन के लिए धक्का-मुक्की शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्थिति तब और बिगड़ गई जब दो ट्रक, जिनमें रस्मों के लिए सामग्री लादी गई थी, भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में प्रवेश कर गए, जिससे अफरातफरी मच गई। बताया जा रहा है कि जब यह हादसा हुआ, तब न अग्निशमन अधिकारी, न ही बचाव दल, और न ही अस्पताल की टीम ने तत्काल मदद की। वहां मौजूद लोगों के मुताबिक भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था बेहद खराब थी। फिलहाल जिला प्रशासन का कहना है कि पीड़ितों को फौरन अस्पताल में भर्ती कराया गया और गंभीर रूप से घायल लोगों का इलाज चल रहा है। लेकिन अब इस पर सियासी बयानबाजी भी शुरु हो चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस हादसे को सरकार की 'घोर अक्षमता' का परिणाम बताया। उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'यह भगदड़, जो रथ यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन की विफलता के ठीक एक दिन बाद हुई, सरकार की नाकामी को उजागर करती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस हादसे में प्रारंभिक मदद श्रद्धालुओं के परिजनों से मिली, सरकारी मशीनरी पूरी तरह अनुपस्थित थी।'

बता दें कि इससे पहले 27 जून को भी रथ यात्रा के दौरान गजपति राजा के महल के पास श्री नहर क्षेत्र में भगदड़ जैसी स्थिति में 40 से अधिक श्रद्धालु बेहोश हो गए थे और उन्हें पुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इसी दिन एक अन्य हादसे में, तलध्वज रथ (भगवान बलभद्र का रथ) को खींचने के दौरान भारी भीड़ के कारण 500 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए थे, जिनमें से आठ की हालत गंभीर थी। इस घटना ने भी प्रशासन की तैयारियों पर सवाल उठाए थे।

जब दो-तीन दिनों में ऐसी घटनाएं हो चुकी थीं, जिनमें गंभीर नुकसान हो सकता था, तो फिर सरकार और प्रशासन सचेत क्यों नहीं हुए, ये बड़ा सवाल है।

भाजपा अब भी अपनी जिम्मेदारी से ज्यादा विपक्ष पर हमला बोलने में लगी है। नवीन पटनायक ने कुप्रबंधन पर ध्यान दिलाया तो अब ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने पटनायक का नाम लिए बिना पूर्ववर्ती बीजद सरकार पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया और कहा कि 1977 से रथ यात्रा की प्रक्रिया में कोई रुकावट नहीं आई थी। हालांकि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और मंत्री मुकेश महालिंग ने जनता से माफी मांगी है। उन्होंने एक्स पर ट्वीट में कहा- 'व्यक्तिगत रूप से, मेरी सरकार और मैं सभी जगन्नाथ भक्तों से क्षमा मांगते हैं। हम अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं... यह लापरवाही अक्षम्य है। सुरक्षा चूक की तत्काल जांच की जाएगी। मैंने निर्देश दिया है कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।'

अब सोचने वाली बात यह है कि जब मुख्यमंत्री खुद इस लापरवाही को अक्षम्य मान रहे हैं, तो क्या जगन्नाथ भक्तों से माफी मांगने के साथ-साथ वे अपने पद से इस्तीफा देने का नैतिक साहस दिखा पाएंगे। क्योंकि जो भगदड़ हुई है, वह सरासर लापरवाही का ही नतीजा है। पुरी जिला प्रशासन और श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने स्वीकार किया कि इस साल की भारी भीड़ को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण था। लगभग 10,000 पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती के बावजूद, भीड़ की भारी संख्या के सामने व्यवस्था चरमरा गई। प्रशासन ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बेहतर सुरक्षा उपायों और भीड़ प्रबंधन की योजना बनाने का वादा किया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोका जा सके।

जहां लाखों की भीड़ आई हो, वहां केवल दस हजार जवानों से व्यवस्था कैसे संभाली जा सकती थी। जाहिर है भाजपा ने एक बार फिर आम आदमी की जान को बहुत हल्के में लिया है। इसमें जान का जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कोई मुआवजा नहीं कर पाएगा। वहीं विश्वप्रसिद्ध रथयात्रा की भव्यता पर भी भाजपा ने दाग लगाया है। पुरी की जगन्नाथ यात्रा दुनिया भर में मशहूर है। इसकी भव्यता और विराटता की मिसालें दी जाती हैं। यहां तक कि अंग्रेजी का शब्द जगरनॉट भी जगन्नाथ रथयात्रा से उपजा है, जिसका अर्थ है एक ऐसी शक्ति जिसे रोका नहीं जा सकता। लेकिन इस हादसे ने रथ यात्रा की भव्यता पर गहरी चोट पहुंचाई है, जिसके लिए सिर्फ और सिर्फ भाजपा जिम्मेदार है।

# बिहार में चुनाव आयोग कामयाब तो भाजपा कामयाब!


कभी मतदाता जोड़ने का काम होता था। अब मतदाता काटने की मुहिम चलाई जा रही है। क्या बिहार में भाजपा को अपनी हार के संकेत मिल रहे हैं? 2014 के बाद से हर चुनाव भाजपा ने मोदी के नाम से जीता है। और मोदी के भी राष्ट्रवाद नाम के मुद्दे पर। मगर पहलगाम के बाद मोदी का राष्ट्रवाद का मुद्दा कमजोर हुआ। और फिर अचानक सीज फायर को स्वीकार कर लेने के बाद मोदी का कोर वोटर भी उनसे निराश हो गया।

हमेशा से यह अपने समर्थकों को यह सिखाते रहे थे कि कांग्रेस पाकिस्तान से पीओके नहीं ले पाई। समर्थक जो अब भक्त बन गए हैं वह यह मानकर चल रहे थे कि अब उनके पास मोदी जैसा मजबूत प्रधानमंत्री है वह पीओके वापस ले आएंगे। सेना ने वैसे हालात पैदा भी कर दिए थे। उसके सटीक हमलों से पाकिस्तान घबरा गया था। पेनिक रिएक्शन ( घबराहट भरी प्रतिक्रिया) में पुंछ राजौरी के नागरिक क्षेत्रों पर हमला करने लगा था। ऐसे में अचानक अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा स्टाप! शाम पांच बजे से बंद। और हमने कर दिया। पाकिस्तान जिसे सीज फायर की जरूरत थी उसने हमले जारी रखे। इसिलिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र सरेंडर!

राहुल गांधी की यह बात लोगों के दिलों में घर कर गई। बीजेपी इस बात को समझ गई है। इसलिए उसने बिहार चुनाव के लिए नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। हालांकि अलग-अलग तरीकों से वह हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली हर जगह यह काम कर चुकी थी कि वोटर लिस्ट में फर्जी वोट जोड़ना और अल्पसंख्यक वोट कटवाना। राहुल इस मुद्दे पर लगातार चुनाव आयोग को घेर रहे हैं। उनके किसी सवाल का जवाब चुनाव आयोग के पास नहीं है। उल्टा उसने चुनाव के सीसीटीवी फुटेज का रिकार्ड 45 दिन बाद नष्ट करने का फैसला और कर लिया है। राहुल ने इसे सबूत नष्ट करना बताया है। क्रिमिनल ला में सबूत नष्ट करना गंभीर अपराध है।

अब चुनाव आयोग ने एक नई चाल चली है। उसने बिहार चुनाव से तीन महीने पहले एक विशेष गहन पुनर्निरीक्षण अभियान शुरू किया है। सिर्फ एक महीने के अंदर 25 जून से 26 जुलाई तक वह 243 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 8 करोड़ मतदाताओं का वेरिफिकेशन करेगा। सोचिए 8 करोड़ वोटर का सत्यापन केवल एक महीने में! क्या संभव है? इसके लिए उसने क्या किया है? लोगों को मोबाइल पर मैसेज भेजे जा रहे हैं।

इसमें दो प्रमुख मुद्दे हैं। पहला क्या बिहार में 8 करोड़ मोबाइल हैं? क्या वोटर लिस्ट या वोटर आईडी में मोबाइल नंबर होता है? दूसरा मुद्दा। इन दिनों चल रहे फोन पर फ्राड के बाद सरकारी सरकारी एजेन्सियां और पुलिस साइबर क्राइम वाले सब कहते हैं कि फोन पर कोई जानकारी न दें। यहां फोन पर ही वेरिफिकेशन हो रहा है। क्या यह साइबर क्राइम को बढ़ावा नहीं देगा?


शकील अख्तर

राहुल गांधी की यह बात लोगों के दिलों में घर कर गई। बीजेपी इस बात को समझ गई है। इसलिए उसने बिहार चुनाव के लिए नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। हालांकि अलग-अलग तरीकों से वह हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली हर जगह यह काम कर चुकी थी कि वोटर लिस्ट में फर्जी वोट जोड़ना और अल्पसंख्यक वोट कटवाना। राहुल इस मुद्दे पर लगातार चुनाव आयोग को घेर रहे हैं।

दरअसल भारत में लोकतंत्र आने के बाद यह सबसे बड़ा फ्राड होने जा रहा है। समय रहते अगर विपक्ष इसे रोकने में सफल नहीं हुआ तो एक अगस्त, जो चुनाव आयोग ने नई मतदाता सूची जारी होने की तारीख रखी है, को लाखों लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए जाएंगे। विपक्ष को चाहे सुप्रीम कोर्ट जाना पड़े या कोई और बड़ा कदम उठाना पड़े तत्काल करना चाहिए। अगर चुनाव आयोग कामयाब हो गया तो भाजपा भी कामयाब हो गई।

विपक्ष या जो वहां महागठबंधन कहा जा रहा है, के लिए सीट बंटवारे से बड़ा पहला काम यह होना चाहिए कि वोटर लिस्ट पुनर्निरीक्षण के नाम पर लोगों के नाम कटने को रोका जाए। चुनाव आयोग ने वहां नए मतदाता पहचान पत्र बनाने पर रोक लगा दी। साथ ही कहा है कि जिनका वैरिफिकेशन नहीं होगा उनके वोटर आई डी अवैध माने जाएंगे।

वैरिफिकेशन कितना मुश्किल है यह इससे समझें कि जिनका जन्म एक जुलाई 1987 से पहले हुआ है उन्हें डेट आफ बर्थ सर्टिफिकेट देना होगा। मतलब जिनकी उम्र 38 साल या उससे ऊपर है और जो कई चुनावों में वोट डाल चुके हैं अब इस बार अगर वोट डालना चाहतें हैं तो जन्म प्रमाण पत्र लाएं। गांवों में गरीब कमजोर वर्ग में कितने लोगो के पास होगा?

पंचायत में जब वोट डाले जाते हैं तो वहां प्रत्याशी एक-एक वोटर को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं। वही सूची सबसे अथेंटिक होती है। लेकिन अब उसे भी नहीं माना जाएगा। और विपक्षी दलों में अगर कोई यह समझ रहा है कि यह केवल मुस्लिम के वोट काटने के लिए ही किया जा रहा है तो वह भारी गलतफहमी में है। जिन भी पार्टियों के वोटर दलित पिछड़े हैं उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान होगा। मुस्लिम के वोट तो जितने वह काट सकते थे पहले ही काट दिए हैं। अब बारी दूसरे उन वोटों की है जिनका आरक्षण, संविधान, अंबेडकर जैसे मुद्दों को लेकर भाजपा से अभी-अभी मोहभंग हुआ है। 2014 के लोकसभा चुनाव के पहले तक तो दलित पिछड़ा भाजपा को खूब वोट दे रहा था। मगर जब भाजपा ने संविधान बदलने की बात की तो दलित आदिवासी वोट थम गया। भाजपा का लोकसभा से बहुमत भी छिन गया।

बहरहाल चुनाव आयोग का वैरिफिकेशन के लिए दूसरी शर्त देखिए युवा वोटरों के लिए। एक जुलाई 1987 के बाद और 2 दिसबंर 2004 से पहले जन्मे हुए लोगों के लिए। इन्हें अपना नाम वोटर लिस्ट में बचाने के लिए माता-पिता के जन्म प्रमाण पत्र देना होंगे। मतलब हम जन्मे थे यह बताना ही पर्याप्त नहीं होगा मां-बाप भी जन्में थे यह सिद्ध करना होगा। माता-पिता की संतति हैं-नान बायलोजिकल नहीं! वह तो एक ही हैं वन एंड ओनली मोदी जी!

बिहार के चुनाव बता रहे हैं कि चुनाव आयोग भाजपा को जीताने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। विपक्ष के लिए इसे रोकना ही सबसे बड़ी प्राथमिकता होना चाहिए। सीटों का बंटवारा और दूसरे काम विपक्ष बाद में भी कर सकता है। सबसे पहले उसे इसे रोकने के लिए कई स्तरों पर रणनीति बनानी होगी। एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट भी जाना चाहिए। यह नया रिविजन ऐसा है जिसमें कई-कई बार अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके लोगों से पूछा जा रहा है आप वोट डालने के अधिकारी हैं या नहीं? मतलब पहले जो वोट डाल चुके और इस आधार पर जो सरकारें बनीं वह नल एंड वाइड ( अमान्य और शून्य) हैं। कानून के शब्दों में वह चुनाव रद्द हैं। अप्रभावी। बिहार सरकार भी और केन्द्र सरकार भी!

चुनाव से ठीक पहले ऐसा रिविजन कभी नहीं हुआ। लोकतंत्र पर यह बहुत बड़ा खतरा है। राहुल गांधी के यह आरोप सही साबित हो रहे हैं कि भाजपा को जीताने के लिए चुनाव आयोग हर स्तर पर धांधली कर रहा है। महाराष्ट्र के वोटर बढ़ाने के सारे सबूत वे दे चुके हैं। इससे पहले कांग्रेस हरियाणा में हुई धांधलियों के भी। राहुल महाराष्ट्र के वोटर लिस्ट की डिजिटल कापी मांग रहे हैं। उन्होंने इन चुनावों को मैच फिक्सिंग कहा है। कहा है यह लोकतंत्र के लिए जहर के समान है। चुनाव आयोग से भरोसा खत्म हो रहा है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# एससीओ की बैठक में भारत कूटनीतिक रुप से अलग-थलग पड़ गया

■ नित्य चक्रवर्ती

चीन के क्विंगदाओ शहर में 25 और 26 जून को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत का कूटनीतिक रूप से अलग-थलग पड़ जाना स्पष्ट रूप से दिखा, जब एक संयुक्त बयान तैयार किया गया, जिसमें सदस्यों से आतंकवाद से मिलकर लड़ने का आह्वान किया गया, लेकिन बलूचिस्तान में हमलों का उल्लेख तो किया गया परन्तु 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई आतंकी हत्याओं का कोई उल्लेख नहीं किया गया।

2025 शिखर सम्मेलन के मेजबान देश चीन की अध्यक्षता में हुई बैठक में भारत और पाकिस्तान सहित सदस्यों के बीच चर्चा के बाद संयुक्त बयान तैयार किया गया। पहलगाम हत्याकांड और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को ध्वस्त करने की भारत की कार्रवाई पर केंद्रित विचार-विमर्श के दौरान भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के खिलाफ जोरदार तरीके से बात की। लेकिन अंतिम दिन संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकवाद पर भारत के दृष्टिकोण को शामिल नहीं किया गया, जबकि बलूचिस्तान पर पाकिस्तान के दृष्टिकोण को शामिल किया गया।

स्वाभाविक रूप से, श्री सिंह ने इस एकतरफा घोषणापत्र पर हस्ताक्षर नहीं किये। एससीओ में नियम यह है कि हर प्रस्ताव सर्वसम्मति के आधार पर होना चाहिए। इसलिए भारत की आपत्ति के परिणामस्वरूप, संयुक्त बयान जारी नहीं किया जा सका। पाकिस्तान खुश है कि भारत ने हस्ताक्षर नहीं किये। इसलिए यह इस्लामाबाद के लिए एक कूटनीतिक जीत थी, जो पहलगाम हत्याकांड और ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक राय को प्रभावित करने के लिए भारत के साथ धारणा की लड़ाई में लगा हुआ है।

स्वाभाविक रूप से, श्री सिंह ने इस एकतरफा घोषणापत्र पर हस्ताक्षर नहीं किये। एससीओ में नियम यहहै कि हर प्रस्ताव सर्वसम्मति के आधार पर होना चाहिए। इसलिए भारत की आपत्ति के परिणामस्वरूप, संयुक्त बयान जारी नहीं किया जा सका। पाकिस्तान खुश है कि भारत ने हस्ताक्षर नहीं किये। इसलिए यह इस्लामाबाद के लिए एक कूटनीतिक जीत थी।

एससीओ में वर्तमान में दस सदस्य हैं- चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, ईरान, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान। भारतीय अधिकारियों ने दावा किया कि बयान चीन द्वारा पाकिस्तान के पक्ष में दिया गया था। ठीक है। यह सच हो सकता है। लेकिन फिर रूस सहित अन्य सात सदस्यों का क्या? यह हमारे विदेश मंत्रालय की सरासर की विफलता थी कि एससीओ के सभी मध्य एशियाई सदस्य देश भारत के समर्थन में नहीं आये। यहां तक कि रूस ने भी भारतीय दृष्टिकोण को शामिल करने के लिए बयान में संशोधन करने में हस्तक्षेप नहीं किया। एससीओ के कुल दस सदस्यों में से भारत को छोड़कर कोई भी अन्य देश बयान के खिलाफ नहीं था। यह स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के पक्ष में 9-1 था।

इस साल के अंत में चीन के तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, ऐसा कहा जाता है। वे वहां चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अन्य नेताओं से मिलेंगे। रक्षा मंत्रियों की हालिया बैठक की तरह इस शिखर सम्मेलन में भी आतंकवाद से लड़ने का मुद्दा उठेगा। भारत के प्रधानमंत्री यह सुनिश्चित करने के लिए क्या करने जा रहे हैं कि शिखर सम्मेलन की घोषणा में अंततः भारतीय दृष्टिकोण शामिल हो?

इस साल के अंत में एससीओ शिखर सम्मेलन से पहले, 6 और 7 जुलाई को ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। भारतीय प्रधानमंत्री उसमें भाग लेंगे। उस बैठक में भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का मुद्दा उठेगा। पाकिस्तान ब्रिक्स का सदस्य नहीं है। इस तरह क्विंगदाओ बैठक में इस्लामाबाद की ओर से जो दबाव था, वह ब्राज़ील शिखर सम्मेलन में नहीं होगा। लेकिन हर देश ने कोई न कोई रुख़ अपनाया है और यह अचानक नहीं बदलता। इसके लिए लगातार समझाने और तथ्यों को पेश करने की ज़रूरत होती है। क्विंगदाओ बैठक में राजनाथ सिंह और उनकी टीम एससीओ के सदस्यों को समझाने में पूरी तरह विफल रही। ब्राज़ील शिखर सम्मेलन में ऐसा नहीं दोहराया जाना चाहिए।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। इन आठ दिनों में भारतीय राजनयिकों को सदस्य देशों से मिलकर उन्हें भारत के ख़िलाफ़ आतंकी हमलों में पाकिस्तान की संलिप्तता के बारे में पूरे तथ्यों के साथ भारतीय स्थिति के बारे में समझाने का पूरा प्रयास करना होगा। ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका प्रमुख सदस्य हैं। शिखर सम्मेलन में किसी भी तरह की शर्मिंदगी से बचने के लिए उन्हें उचित जानकारी दी जानी चाहिए।

इस साल के अंत में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के बारे में, क्षेत्र की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था दोनों के दृष्टिकोण से विचार-विमर्श बेहद महत्वपूर्ण होगा। अब अपने 25वें वर्ष में एससीओ अपने मूल छह संस्थापक सदस्यों से बढ़कर 10 सदस्य देशों, दो पर्यवेक्षक देशों और 14 संवाद भागीदारों के 'बड़े परिवार' में बदल गया है - जो पूर्वी यूरोपीय मैदानों से लेकर हिंद महासागर और प्रशांत रिम तक फैला हुआ है, और जिसमें दुनिया की लगभग आधी आबादी शामिल है।

एससीओ सूत्रों का कहना है कि यह संगठन क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग के लिए एक परिपक्व मंच बन गया है, जिसका प्रभाव, सामंजस्य और अपील लगातार बढ़ रही है। पिछले 25 वर्षों में, यह 'सुरक्षा का विशाल जहाज' आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ लहरों पर सवार होकर क्षेत्रीय सुरक्षा में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। सुरक्षा सहयोग से उभरने वाले आर्थिक और व्यापारिक लाभांश और लोगों के बीच आदान-प्रदान भी उल्लेखनीय रहे हैं, जो सभी पहलुओं में सदस्य देशों के लोगों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं।

भारत ने पिछले पांच वर्षों में अमेरिका प्रायोजित क्वाड के प्रति अपने प्रेम के कारण ब्रिक्स और एससीओ के कामकाज की उपेक्षा की है। अब जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प लगातार अपने बयानों का उल्लेख करके भारतीय प्रधानमंत्री को अपमानित कर रहे हैं, तो यह एक ऐसा संवेदनशील मुद्दा बन गया है, जिसके बारे में हम सभी जानते हैं। 10 मई को भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम से अब तक ट्रम्प ने 18 बार भारतीय प्रधानमंत्री को अपमानित किया और यहां तक कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के साथ लंच पर बातचीत भी की। अब हमारे प्रधानमंत्री को पिछले पांच वर्षों में अपनायी गयी अपनी विदेश नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। समय आ गया है कि भारत को ग्लोबल साउथ के लिए लड़ने के लिए ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और अन्य विकासशील देशों के साथ हाथ मिलाना चाहिए। देश का हित ग्लोबल साउथ के साथ है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नहीं भूलना चाहिए।

## आपके पत्र

### लैंगिक समानता की राह में भारत की गिरावटः एक चिंताजनक संकेत

विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकानॉमिक फोरम) की वैश्विक लैंगिक अंतर रिपोर्ट 2024 में भारत को 148 देशों में 131वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह न केवल दो पायदान की गिरावट है, बल्कि भारत की विकास यात्रा में छुपी उस असमानता का पर्दाफाश भी करती है जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। जब पूरी दुनिया लैंगिक असमानता को घटाने में धीमी किंतु स्थिर प्रगति कर रही है, तब भारत का पिछड़ना केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि नीति, सोच और संस्थागत व्यवस्था की विफलता का प्रतिबिंब है।

वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स), जिसे 2006 में शुरू किया गया था, चार प्रमुख क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता को मापता है—आर्थिक भागीदारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और राजनीतिक सशक्तिकरण। भारत का कुल स्कोर 64.1प्रतिशत है, जो वैश्विक औसत 68.5 प्रतिशत से काफी कम है। यही नहीं, दक्षिण एशिया में भी भारत बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान जैसे पड़ोसी देशों से पीछे है।

आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में भारत ने मामूली सुधार किया है, लेकिन महिलाओं की श्रम भागीदारी दर अभी भी 45.9 प्रतिशत पर अटकी हुई है। महिलाएं मुख्यतः देखभाल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे कम वेतन वाले क्षेत्रों में केंद्रित हैं। घरेलू और अवैतनिक श्रम, जो देश की असंगठित अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, अभी तक किसी राष्ट्रीय लेखांकन में शामिल नहीं किया गया है। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में समान कार्य के लिए 20.30प्रतिशत कम वेतन प्राप्त होता है। यह आर्थिक असमानता केवल आंकड़ों की नहीं, सोच की समस्या है।

शिक्षा के क्षेत्र में कुछ प्रगति तो हुई है, परंतु महिला साक्षरता दर अभी भी लगभग 70प्रतिशत है, जो वैश्विक औसत 87 प्रतिशत से बहुत कम है। उच्च शिक्षा, विशेषकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम है। ग्रामीण क्षेत्रों, आदिवासी इलाकों और निम्नवर्गीय परिवारों की लड़कियों को शिक्षा से वंचित करने वाली सामाजिक बाधाएं जैसे बाल विवाह, रुढ़िवादी सोच और विद्यालयों की दूरी—अब भी मौजूद हैं।

स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा के पैमाने पर भी भारत पिछड़ा हुआ है। जन्म के समय लिंग अनुपात अब भी 929 लड़कियां प्रति 1000 लड़कों के आसपास है। मातृत्व से जुड़ी समस्याएं, कुपोषण, रक्ताल्पता (एनीमिया), और प्रसवकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। घर की चारदीवारी में महिलाओं की सेहत को प्राथमिकता न मिलना हमारी पारिवारिक व्यवस्था की कमजोरी है।

राजनीतिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भारत की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व घटकर 13.8प्रतिशत रह गया है और केंद्रीय मंत्रिमंडल में केवल 5.6प्रतिशत महिलाएं हैं। यह तब और विडंबनापूर्ण हो जाता है जब हम जानते हैं कि महिला आरक्षण विधेयक 2023 पारित हो चुका है, परंतु जनगणना और निर्वाचन क्षेत्र पुनः निर्धारण की प्रक्रिया के विलंब के कारण उसका क्रियान्वयन अटका हुआ है। इससे स्पष्ट होता है कि केवल कानून पारित करना पर्याप्त नहीं, उन्हें लागू करने की इच्छाशक्ति भी आवश्यक है।

**-प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### विमुद्रीकरण : पांच अहम बिन्दु

*ऐसा याद नहीं पड़ता कि रिजर्व बैंक की भूमिका के बारे में आम जनता में इसके पहले कभी कोई चर्चा हुई हो। रिजर्व बैंक में गवर्नर की नियुक्ति और सेवानिवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया के तहत चली आ रही थी, जिसमें पहली बार एक नया मोड़ रघुराम राजन का कार्यकाल समाप्त होने के साथ आया। रिजर्व बैंक ही देश की मुद्रानीति का नियमन और संचालन करता है, यह बात आम तौर पर लोग नहीं जानते, लेकिन प्रधानमंत्री तो इसे जानते थे। इसलिए एक ओर जहां उन्होंने स्वयं दूरदर्शन पर आकर विमुद्रीकरण की घोषणा की, वहीं दूसरी ओर वैधानिक औपचारिकता पूरी करने के लिए उसी दिन रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक आनन-फानन में बुलाकर उसमें सरकार की इच्छानुसार फैसला ले लिया गया। इस बारे में अब जाकर पता चला है कि रिजर्व बैंक के बोर्ड में स्वतंत्र सदस्यों के चौदह में दस पद खाली पड़े हैं और उपरोक्त बैठक में बचे चार में से कुल तीन स्वतंत्र सदस्य ही शामिल हुए। इस निर्णय से रिजर्व बैंक की स्वायत्तता को आघात पहुंचा, साथ ही नवनियुक्त गवर्नर उर्जित पटेल की छवि भी धूमिल हुई।*

**( देशबन्धु में 29 दिसम्बर 2016 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/12/blog-post_28.html

## गुरवाणी विचार

### लेखे छोड़ अलेखे छूटे हम निर्गुण लेहो उबारी

राग धनासरी वाणी भक्त रविदास जी
हम सर दीन दइआलन नचनी न
तुम सरि अब पतिआर किआ कीजै
बचनी तोर मोर मन मानै जन को
पूरन दीजै हौ बलि बलि जाओ
रमइआ कारने कारन कवन अबोल (रहाओ)
बहुत जनम बिछुरे थे माधो इह जनम तुमारे लेखै।
कह रविदास आसि लगि जीवहो चिर भइओ दरसन देखे।

गुरुवाणी की ये पंक्तियां जो गुरु ग्रंथ साहिब के अंग 694 में अंकित है। इसमें भक्त रविदास मानव मन की तरफ से ईश्वर के सामने अरजी करते हुए फरमा रहे हैं कि हे मेरे प्रभु परमात्मा, हम सांसारिक जीवों के समान कोई कमजोर या निमाणा नहीं है। हर वक्त अज्ञान की ही बात में मशगूल रहता है। सांसारिक मोह, माया में गलतान रहते हैं। आप दोनों के दयाल हो, दीनों पर कृपा करने वाले हो मेरे अवगुणों की तरफ आप ध्यान न देते हुए मुझ पर कृपा करो ताकि मैं आपकी सिमरन बंदगी में लग जाऊं और आप के द्वारा दी गई सर्वश्रेष्ठ कृति मानव जीवन पाने का भरपूर लाभ उठा सकूं तभी मेरा कल्याण हो सकता है। आप अगर मेरे द्वारा किये गये कार्यों का लेखा जोखा करेंगे तो फिर हमारा कल्याण होना असंभव है इसलिए गुरुवाणी में हमें समझाइश दी गई है-

सतगुरु आइओ सरण तुहरी
मिले सुख नाम हरि सोभा
चिंता लाहो हमारी
लेखे छोड़ अलेखे छूटे
हम निर्गुण लेहो उबारी।

मुझ गरीब को इस बात का पूर्ण रूप से भरोसा है कि आप मुझ गरीब पर अवश्य कृपा करेंगे और ऐसी कृपा दृष्टि आप मुझ पर डालेंगे कि मैं आप की सिफत सलाह सिमरन बंदगी में लग सकूं।

हे मेरे प्रभु परमात्मा मैं तुम पर बलिहार जाता हूं अगर आप मेरे द्वारा किए गए कृत्यों के कारण मुझ से नाराज हैं इसी कारण मुझ से रूठे हुए हैं तो प्रभु मुझ पर आप कृपा करो मैं आप से बहुत ही जन्मों से बिछुड़ा हुआ हूं। बहुत जन्म मुझे कई योनियों में भ्रमण करना पड़ा है आप की कृपा दृष्टि के कारण इस जन्म में यह मानव देही मिली हुई है इसलिए अब आप ही मुझ पर कृपा करो और अपनी सिमरन बंदगी में लगा लो ताकि ये पूरा जनम मैं आपकी याद में ही आप की बंदगी में ही लगा रहूं और आपके लोक की प्राप्ति कर लूं। मुझे आपकी सांची दरगाह में स्थान प्राप्त ही सके पर ये सब तभी संभव है जब आप की हम पर नजरें इनायत हो जाए। तभी मेरा मन आपकी सिमरन बंदगी में रम सकेगा। भक्त रविदास जी हर जीव की तरफ से प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि हर इंसान पर अपनी रहमतें नजर डाल दो उनके अवगुणों को अनदेखा कर दो और उन पर ऐसी कृपा करो कि आपकी सिमरन बंदगी में रम जाएं तभी हमारा मानव जीवन पाना सफल हो सकेगा।

**-इंदर सिंह आहुजा**

# खेल जगत

## जम्मू-कश्मीर बनेगा देश का प्रमुख गोल्फ डेस्टिनेशन : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर को देश के प्रमुख गोल्फ स्थलों में से एक बनाने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यह टिप्पणी श्रीनगर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान की, जहां गोल्फ टूर्नामेंट के विजेताओं और उपविजेताओं को सम्मानित किया गया। इससे पहले, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स में गोल्फ खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट का शुभारंभ किया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला सहित देश भर के प्रतिष्ठित गोल्फ खिलाड़ियों ने भाग लिया। कश्मीर में गोल्फ खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी उपस्थिति बेहद उत्साहजनक है। उन्होंने गोल्फ टूर्नामेंट और कश्मीर में पर्यटन हितधारकों की बातचीत के आयोजन के लिए फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का भी आभार व्यक्त किया।



# मंधाना सभी प्रारूपों में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

■ मंधाना ने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन की पारी खेली

**नई दिल्ली,** 29 जून (एजेंसियां)। स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेले गए पहले टी20 मैच में शतक लगाकर इतिहास रच दिया। वह तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। वह हरमनप्रीत कौर के बाद टी20 शतक बनाने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बन गई हैं। इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में मंधाना ने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत भारत ने 20 ओवरों में 210/5 का विशाल स्कोर बनाया। यह टी 20 मैचों में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय महिला टीम का शीर्ष स्कोर है। भारतीय टीम ने 14.5 ओवर में इंग्लैंड को 113 रन पर समेट कर मैच 97 रन से जीता और पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। मंधाना नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर के सिर में चोट लगने की वजह से इस मैच में कप्तान भी थी। मंधाना के टी 20 करियर पर नजर डालें तो 149 मैचों में एक शतक और 30 अर्धशतक की मदद से 3,873 रन बनाए हैं। मंधाना भारत की तरफ से टी 20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। वहीं, ओवरऑल न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के बाद दूसरे नंबर पर हैं। हरमनप्रीत कौर भारत की तरफ से दूसरे और ओवरऑल तीसरे स्थान पर हैं। 102 वनडे मैचों में 11 शतक और 31 अर्द्धशतक की मदद से मंधाना ने 4,473 रन बनाए हैं। वहीं सात टेस्ट मैचों में दो शतक की बदौलत उन्होंने 629 रन बनाए हैं। मंधाना ने 2024 में वनडे फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया था।



## राधा यादव जिसने स्मृति मंधाना को शतक में मदद की

**नॉटिंघम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच को 97 रन से जीता। भारत की ओर से कप्तान स्मृति मंधाना ने 62 गेंदों में 112 रन की पारी खेली। मंधाना ने खुलासा किया है कि साथी खिलाड़ी राधा यादव के साथ बातचीत ने उन्हें ट्रेंट ब्रिज में अपना पहला टी20 शतक जड़ने के लिए प्रेरित किया। मैच के बाद स्मृति मंधाना ने कहा कि तीन दिन पहले, मैं और राधा यादव बातचीत कर रहे थे। यह लड़कियां कभी-कभी मेरे साथ बहुत सख्ती से पेश आती हैं। राधा मुझसे कह रही थीं, अब समय आ गया है कि तुम टी20 में शतक बनाओ। तुम 70, 80 के स्कोर पर आउट होकर अपने टैलेंट के साथ न्याय नहीं कर रही। मैंने सोचा, ठीक है, राधा, अब मैं देखती हूं, इस बार मैं सीरीज के किसी एक मैच में शतक लगाने की कोशिश करूंगी। इस शतक के साथ स्मृति मंधाना हरमनप्रीत कौर के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक जड़ने वाली दूसरी भारतीय बन गई हैं।

## शॉन विलियम्स और क्रेग एर्विन ने जिम्बाब्वे की पारी को संभाला

**बुलावायो,** 29 जून (एजेंसियां)। शॉन विलियम्स (नाबाद 45) और क्रेग एर्विन (नाबाद 24) रनों की संघर्षपूर्ण पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन रविवार को भोजनकाल तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो विकेट पर 94 रन बना लिये है। दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 418 रन बनान के बाद पारी घोषित कर दी थी। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने टी काइटानो (शून्य) और निक वेल्च (चार) के विकेट जल्दी ही गवां दिया। बेनेट के आउट होने के बाद टीम संकट में फंस गई, लेकिन अनुभवी खिलाड़ी शॉन विलियम्स और क्रेग एर्विन ने पारी को संभाला। इस दौरान सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को मैदान पर लगी चोट के कारण बुलावायो टेस्ट से बाहर होना पड़ा है। सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने आठवें ओवर में रिटायर्ड आउट होने से पहले 28 गेंदों में 19 रन बनाए। बेनेट को छठे ओवर में क्वेना मफाका की गेंद को हुक करने के प्रयास में हल्की चोट लगी थी और उन्हें मैदान के बाहर जाना पड़ा था।


# केशव महाराज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बने

■ महाराज टेस्ट करियर में 11 बार एक पारी में पांच विकेट ले चुके हैं



**बुलावायो,** 29 जून (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के खिलाफ क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेले जा रहे टेस्ट मैच में कप्तान केशव महाराज ने इतिहास रच दिया। वह टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिन गेंदबाज बन गए। केशव महाराज ने रविवार को जिंबाब्वे के क्रेग एर्विन को आउट कर टेस्ट क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे किए। महाराज ने यह उपलब्धि अपने 59वें टेस्ट में हासिल की है। जिम्बाब्वे की पहली पारी में महाराज ने तीन विकेट लिए। टेस्ट में महाराज के अब 202 विकेट हो गए हैं। महाराज टेस्ट करियर में 11 बार एक पारी में पांच विकेट ले चुके हैं। इसके अलावा, छह बार वह एक पारी में चार विकेट ले चुके हैं। एक पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 129 रन देकर नौ विकेट है। वहीं, एक मैच में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 283 रन देकर 12 विकेट है। टेस्ट में 200 विकेट लेने वाले केशव महाराज दक्षिण अफ्रीका के नौवें गेंदबाज हैं। देश के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज डेल स्टेन हैं। उन्होंने 93 मैचों में 22.95 की औसत से 439 विकेट लिए हैं। दूसरे स्थान पर पूर्व कप्तान शॉन पोलॉक हैं जिन्होंने 108 मैच में 421 विकेट लिए हैं। तीसरे स्थान पर मखाया एंटिनी हैं। एंटिनी के नाम 101 टेस्ट में 390 विकेट हैं। दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। दक्षिण अफ्रीका के नियमित कप्तान टेंबा बावुमा हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। बावुमा की जगह केशव महाराज को कप्तान बनाया गया है। यह पहला मौका है जब वह दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर रहे हैं। मैच में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले दिन शनिवार को 55 रन पर चार विकेट खोने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 19 साल के डेब्यूटेंट विकेटकीपर बल्लेबाज लुआन ड्रे प्रीटोरियस के 153 और कॉर्बिन बॉश के नाबाद 100 रन की मदद से नौ विकेट पर 418 रन बनाकर पारी घोषित की। जिम्बाब्वे की टीम अपनी पहली पारी में 251 पर सिमट गई। पहली पारी के आधार पर दक्षिण अफ्रीका को 167 रन की बढ़त मिली है।

# बीडब्ल्यूएफ यूएस ओपन : तन्वी और आयुष ने उलटफेर के साथ किया फाइनल में प्रवेश



■ महिला सिंगल इवेंट में तन्वी ने वर्ल्ड रैंकिंग में हराकर मुकाबले को अपने नाम कर लिया

**काउंसिल ब्लफ्स,** 29 जून (एजेंसियां)। बीडब्ल्यूएफ यूएस ओपन में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को मात दी। उनके अलावा 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-6 खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को शिकस्त देकर अपने करियर के सबसे बड़े फाइनल में जगह बना ली है। दोनों ही खिलाड़ी बीडब्ल्यूएफ यूएस ओपन के अपने-अपने फाइनल में पहुंच गए हैं।

महिला सिंगल इवेंट में तन्वी ने वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-40 खिलाड़ी बुहरोवा को 21-14, 21-16 से हराकर मुकाबले को 34 मिनट में अपने नाम कर लिया। वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-66 तन्वी शर्मा ने मई में डेनमार्क चैलेंज जीता था। वह पिछले साल ओडिशा मास्टर्स में सुपर 100 फाइनल में पहुंची थीं। बाई ने अपने 'एक्स' पोस्ट में तन्वी की तारीफ करते हुए लिखा, वह जाल बिछाती हैं, और उसमें सबसे बेहतरीन भी फंस जाते हैं। हमारी 'टीन टाइटन' समझदार, होशियार, साहसी हैं। वह सधे हुए शॉट्स और बेखौफ खेल से हर रैली में दिल जीत रही हैं! गुवाहाटी में बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ट्रेनिंग लेने वाली तन्वी अब समिट क्लैश में चीन की विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी बेइवेन झांग से भिड़ेंगी। वहीं, दूसरी ओर विश्व में 34वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने ताइपे ओपन 2025 के सेमीफाइनल में चोउ से मिली हार का बदला चुकता किया। पहले गेम में मिली करीबी हार के बाद उन्होंने चोउ को 21-23, 21-15, 21-14 से हराया। अब फाइनल में शेट्टी का सामना ब्रायन यांग से होगा, जिन्होंने लियाओ झूओ फू पर 21-10, 21-12 से आसान जीत दर्ज की है।

## एमएलसी 2025 : मिशेल ओवेन ने खोला 'पंजा', प्लेऑफ में वाशिंगटन फ्रीडम

**नई दिल्ली,** 29 जून (एजेंसियां)। वाशिंगटन फ्रीडम ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 के 19वें मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को 12 रन से शिकस्त दी। इसी के साथ टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है।

सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स पहले ही अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। डलास में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए वाशिंगटन फ्रीडम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट गंवाकर 169 रन बनाए। टीम 30 रन तक अपने चार विकेट गंवा चुकी थी, जिसके बाद जैक एडवर्ड्स ने ग्लेन फिलिप्स के साथ मिलकर टीम को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी हुई, जिसने टीम को संकट से बाहर निकाल दिया।

# विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के 20 एथलीट करेंगे स्पर्धा

**नई दिल्ली,** 29 जून (एजेंसियां)। भारत का 20 सदस्यीय दल आज से शुरु हो रही विश्व मुक्केबाजी कप कजाकिस्तान 2025 में महिला और पुरुष वर्ग की विभिन्न भार श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेगा। झाकसिलिक उशकेम्पिरोव मार्शल आर्ट पैलेस में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट तीन निर्धारित आयोजनों में से दूसरा है, जो मुक्केबाजों को पूरे वर्ष रैंकिंग अंक अर्जित करने में मदद करता है। कजाकिस्तान चरण चार जुलाई तक चलेगा। इसमें ओलंपियन सहित 31 देशों के 400 से अधिक मुक्केबाज पुरुष और महिला दोनों वर्गों की 10 भार श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत की 10 सदस्यीय महिला टीम में पेरिस 2024 ओलंपियन और कॉमनवेल्थ गेम्स की पदक विजेता जैस्मीन लैम्बोरिया के साथ-साथ टोक्यो ओलंपियन और पूर्व एशियाई चैंपियन पूजा रानी भी शामिल हैं। इस बीच, ब्राजील मीट से पुरुष भारतीय मुक्केबाजी टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। 70 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया, रजत पदक विजेता अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल इस टीम का नेतृत्व करेंगे। विश्व मुक्केबाजी कप कजाकिस्तान 2025 के लिए भारतीय टीमें इस प्रकार है:-



■ हितेश गुलिया, रजत पदक विजेता जामवाल और विजेता नरेंद्र बेरवाल इस टीम का नेतृत्व करेंगे

**पुरुष वर्गः** जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा),अभिनाश जामवाल (65 किग्रा), हितेश (70 किग्रा), निखिल दुबे (75 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), जुगनू (85 किग्रा), विशाल (90 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (90 से अधिक किग्रा) भार वर्ग में स्पर्धा करेंगे।

## सार संक्षेप

### आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर सैमी पर जुर्माना

**दुबई।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी पर पहले टेस्ट के दूसरे दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना सैमी द्वारा दूसरे दिन के आखिर में मीडिया से बातचीत के दौरान की गई टिप्पणियों से संबंधित है। उन्होंने पूरे दिन के खेल में कई घटनाओं के संदर्भ में मैच अधिकारियों में से एक की आलोचना की थी।



41 वर्षीय सैमी को संहिता के अनुच्छेद 2.7 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह किसी अंतरराष्ट्रीय मैच या किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी के सहायक कर्मचारी, मैच अधिकारी या किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में भाग लेने वाली टीम में होने वाली घटना के संबंध में सार्वजनिक आलोचना या अनुचित टिप्पणी से संबंधित है। सैमी पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माने के साथ ही अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया है। यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध है। सैमी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि इस टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 159 रनों से हराया था।

### बेनेट चोट के कारण बुलावायो टेस्ट से बाहर

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को मैदान पर लगी चोट के कारण बुलावायो टेस्ट से बाहर होना पड़ा है। आज यहां खेले जा रहे मुकाबले में सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने आठवें ओवर में रिटायर्ड आउट होने से पहले 28 गेंदों में 19 रन बनाए। बेनेट को छठे ओवर में क्वेना मफाका की गेंद को हुक करने के प्रयास में हल्की चोट लगी थी और उन्हें मैदान के बाहर जाना पड़ा था।चोट प्रोटोकॉल के अनुसार, ब्रायन बेनेट टेस्ट में आगे कोई भूमिका नहीं निभाएंगे। उनकी जगह प्रिंस मास्वारे को टीम में शामिल किया गया है। मास्वारे टेस्ट क्रिकेट में अपना 10वां मैच खेलेंगे।

### इंग्लैंड की महिला टीम पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना

**नॉटिंघम।** इंग्लैंड की महिला टीम पर भारत के खिलाफ खेले गये पहले टी-20 मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इंग्लैंड को निर्धारित समय से दो ओवर कम फेंके जाने का दोषी पाया गया। आईसीसी आचार संहिता के धीमी ओवर गति से संबंधि अनुच्छेद 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। मैदानी अंपायर जैकलीन विलियम्स और जेम्स मिडलब्रुक, तीसरे अंपायर सू रेडफर्न और चौथे अंपायर अन्ना हैरिस ने आरोप लगाया, जिसे इंग्लैंड की कप्तान नेट साइवर-ब्रंट ने स्वीकार कर लिया। इसलिये औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं है। उल्लेखनीय है कि भारत ने इंग्लैंड को पहले टी-20 मुकाबले में 97 रनों से शिकस्त दी थी। इस इंग्लैंड की टी-20 में अब तक की सबसे बड़ी हार है। दोनों टीमों के बीच दूसरा टी-20 मैच एक जुलाई को ब्रिस्टल में होगा।

# एमएलसी 2025: सिएटल ओकार्स ने दर्ज की सीजन में दूसरी जीत

**नई दिल्ली,** 29 जून (एजेंसियां)। सिएटल ओकार्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 20वें मैच में लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की। यह सीजन में सिएटल ओकार्स की दूसरी जीत है, जो उसे लगातार पांच हार के बाद नसीब हुई। इसी के साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है। वहीं, छठी हार के बाद लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स सबसे आखिरी पायदान से ऊपर उठ ही नहीं सकी है। डलास में खेले गए मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स ने चार विकेट खोकर 202 रन बनाए। उन्मुक्त चंद और आंद्रे फ्लेचर की सलामी जोड़ी के बीच 5.3 ओवरों में 39 रन की साझेदारी हुई। उन्मुक्त चंद 11, जबकि आंद्रे फ्लेचर 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रदरफोर्ड भी पांच रन बनाकर चलते बने। टीम 48 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा चुकी थी। यहां से आंद्रे रसेल ने सैफ बदर के साथ मिलकर टीम को संभाला। दोनों खिलाड़ियों के बीच चौथे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी हुई। रसेल 39 गेंदों में चार छक्कों और छह चौकों की मदद से 65 रन की नाबाद पारी खेलकर पवेलियन लौटे। इसके बाद सैफ बदर ने रोवमैन पॉवेल के साथ पांचवें विकेट के लिए 73 रन जुटाए। सैफ बदर ने 21 गेंदों में 41 रन की पारी खेली। वहीं, पॉवेल 21 गेंदों में 43 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी टीम की ओर से वकार सलामखिल ने सबसे ज्यादा दो विकेट चटकाए। उनके अलावा हरमीत सिंह और अयान देसाई को एक-एक विकेट हाथ लगा। इसके जवाब में सिएटल ओकार्स ने एक गेंद शेष रहते जीत दर्ज कर ली। इस टीम ने पारी की दूसरी ही गेंद पर जोस ब्राउन (0) का विकेट गंवा दिया था। टीम उस समय तक अपना खाता तक नहीं खोल सकी थी। यहां से शायन जहांगीर ने एरॉन जोन्स के साथ दूसरे विकेट के लिए महत्वपूर्ण 119 रन की पारी खेली। जोन्स ने तूफानी पारी खेलते हुए 38 गेंदों में 73 रन जड़ो, जिसमें दो छक्के और 10 चौके शामिल थे।



## सात समंदर पार देश का नाम रोशन कर भारत लौटे आशीष चौधरी

**भिवानी,** 29 जून (एजेंसियां)। भिवानी को 'मिनी क्यूबा' के नाम से जाना जाता है। यहां के बॉक्सरों के मुक्के का दमखम पूरी दुनिया में नजर आता है। अब यहां के शूटर भी सात समंदर पार देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसमें एक नाम आशीष चौधरी का है, जिन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में आयोजित 12-21 आयु वर्ग की 'जूनियर ऑप्शन शूटिंग चैंपियनशिप' में गोल्ड मेडल जीता है।

भिवानी के शूटर आशीष चौधरी ने ऑस्ट्रेलिया में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उनके कोच प्रदीप बेनीवाल का कहना है कि आशीष के लिए ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलने के दरवाजे खुले हैं, लेकिन आशीष देश के लिए ही खेलना चाहता है। ऑस्ट्रेलिया में परचम लहराने के बाद गोल्डन ब्वॉय आशीष चौधरी का भिवानी में 'लक्ष्य शूटिंग एकेडमी' में स्वागत हुआ। आशीष ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच प्रदीप बेनीवाल को दिया है।

## ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज सीरीज

# दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रह सकते हैं स्टीव स्मिथ

**ब्रिजटाउन,** 29 जून (एजेंयिां)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी खिलाड़ी स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रेनेडा में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध रह सकते हैं। लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान स्मिथ को 'कम्पाउंड डिस्लोकेशन' हुआ था। स्टीव स्मिथ ने पिछला हफ्ता न्यूयॉर्क में बिताया, जहां उन्होंने टेनिस बॉल और 'इनक्रेडी-बॉल' (एक सॉफ्ट क्रिकेट ट्रेनिंग बॉल) के साथ फिर से बल्लेबाजी शुरू की। स्टीव स्मिथ को अभी भी कुछ मेडिकल प्रोटोकॉल पूरे करने हैं, जिसमें ग्रेनेडा में मंगलवार का ट्रेनिंग सेशन निर्णायक होगा। हालांकि, हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को भरोसा है कि स्मिथ नंबर 4 पर वापसी करने के लिए फिट होंगे। एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि यह इंजरी वास्तव में ऊंगली के आसपास की कार्यक्षमता से जुड़ी है, न कि किसी और चीज से। स्मिथ वापस आ जाएंगे और मुझे लगता है कि वह खेलेंगे।



अगले गेम से पहले, वह दो दिन मुख्य सत्र में हिस्सा लेंगे। वह (मैच से) एक दिन पहले ट्रेनिंग भी करेंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो मुझे उम्मीद है कि स्टीव नंबर 4 पर फिर से खेलेंगे। ऑस्ट्रेलियाई हेड कोच ने यह भी स्पष्ट किया कि स्मिथ अगर वापसी करते हैं, तो वह नंबर 4 से अपना बल्लेबाजी स्थान नहीं बदलेंगे, भले ही कैमरून ग्रीन नंबर 3 पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हों। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमने उन्हें नंबर 4 पर देखने को लेकर सहमति बना ली है। हम चाहें तो उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेज सकते हैं। वह नंबर तीन पर बेहतरीन रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप नंबर 4 पर उनके पिछले 12 महीनों के प्रदर्शन को देखें, तो वह यकीनन हमारे सबसे बेहतरीन बल्लेबाज हैं।

# आधुनिक पीढ़ी में साइकिल चलाना एक चलन बनाना होगा : मांडविया


**नई दिल्ली,** 29 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को साइकिल पर फिट इंडिया संडे के विशेष संस्करण में कहा कि हमें आधुनिक पीढ़ी को साइकिल चलाना एक चलन बनाना होगा। रविवार सुबह गुजरात के पालिताना में डॉ. मांडविया ने साइकिल पर फिट इंडिया संडे के विशेष संस्करण में एक विविध समूह, विशेष रूप से 'स्वच्छता सेनानियों', हमारे अग्रिम पंक्ति के सफाई योद्धाओं का नेतृत्व किया। इस अभियान साइकिलिंग अभियान के 29वें संस्करण में देशभर में छह हजार स्थानों पर आयोजित साइकिल अभियान में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, सफाई कर्मचारियों, नगर पालिका निगम कर्मचारियों के साथ-साथ राज्य और जिला नगर निगमों के विभिन्न कर्मचारी और संबद्ध कार्यकर्ता ने भाग लिया। इस अवसर पर अपने गृहनगर पालिताना में डॉ. मांडविया ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में शुरू किए गए फिट इंडिया अभियान को संडे ऑन साइकिल के माध्यम से सर्वोत्तम संभव तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। यह अब केवल एक अभियान नहीं है यह एक आंदोलन है। स्वच्छता सेनानियों के नेतृत्व में, हम एक मजबूत संकेत दे रहे हैं कि फिटनेस और स्वच्छता एक साथ चलते हैं। हर किसी को, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, विकसित भारत के लिए अपना योगदान देना चाहिए और हमें इस आधुनिक पीढ़ी में साइकिल चलाना एक चलन बनाना होगा।

शहरी इलाकों से लेकर छोटे शहरों तक, नागरिक सुबह-सुबह सड़कों पर उतरे और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति एकता और प्रतिबद्धता दिखाई। स्वच्छता सेनानियों के अलावा, विधानसभा सदस्य (एमएलए), स्थानीय पुलिस, एनवाईकेएस, एनएसएस आदि से मायभारत के स्वयंसेवक, भावनगर जिले के विभिन्न साइकिलिंग क्लब शामिल हुए।



हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में शुरू किए गए फिट इंडिया अभियान को संडे ऑन साइकिल के माध्यम से सर्वोत्तम संभव तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है : कोट डॉ. मनसुख मांडविया

## बबीता फोगाट ने की 'संडे ऑन साइकिल' में भागीदारी, कहा- फिट इंडिया का हिस्सा बनकर मिली डबल खुशी



**नई दिल्ली।** स्वच्छ भारत, फिट भारत के तहत रविवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस के इनर सर्कल में साइकिल चलाकर 'फिट इंडिया' को सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान भारत की पूर्व रेसलर बबीता फोगाट ने भी सबके साथ साइकिल चलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की थी। इसके बाद यह एक बड़े अभियान के तौर पर देश में फिटनेस को लेकर जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है। खासकर रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट के लिए फिटनेस इवेंट होते हैं, जहां आम जनों के साथ सेलिब्रिटिज की भागीदारी भी होती है। बबीता फोगाट ने इस अवसर पर कहा कि आज हम सब लोग फिट इंडिया मना रहे हैं और इसलिए सबके साथ साइकिल चलाई, क्योंकि फिट रहने से हमारा तन और मन दोनों ही शांत और स्वस्थ रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फिट इंडिया मूवमेंट चलाकर देश को फिट रहने की ओर बढ़ावा दिया है। उन्होंने आगे कहा कि मैं खुद भी खेल से जुड़ी रही हूं। इसलिए ऐसे मूवमेंट से जुड़कर खुशी होती है। इसके जरिए हम लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक कर सकते हैं, तो यह खुशी डबल हो जाती है। पीएम मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की थी। इसकी शुरुआत से लेकर अब तक, खासकर प्रत्येक रविवार को फिट इंडिया से जुड़े आयोजन होते हैं। पीएम मोदी ने लोगों और युवाओं को फिट रखने के लिए यह मूवमेंट चलाया है।

## सार-समाचार

### बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष बने चौहान

बरेली, देशबन्धु। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों की निर्वाचन प्रक्रिया रविवार के दिन अदालत परिसर में सम्पन्न हुई जिसमें बाड़ी नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरजीत सिंह चौहान ने अपनी व्यावहारिकता कुशलता और मिलनसार छवि के चलते 55 मतों से जीत की अर्जित की, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुनाव में 158 अधिवक्ताओं में से 145 अधिवक्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया जिसमें सुरजीत सिंह चौहान को 100 मत प्राप्त हुए जिसमें 55 मतों से सुरजीत सिंह चौहान को विजई घोषित किया गया ढ्ढ संघ के सह सचिव के पद पर भी वोटिंग प्रक्रिया हुई जिसमें विपिन राजपूत तीन मतों से जीत हासिल की, बाकी के बचे हुए सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए सचिव जीवन सिंह धाकड़, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जैन उपाध्यक्ष राघव रघुवंशी लाइब्रेरियन संदीप श्रीवास्तव को बनाया गया।

### बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष बने चौहान

बरेली, देशबन्धु। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों की निर्वाचन प्रक्रिया रविवार के दिन अदालत परिसर में सम्पन्न हुई जिसमें बाड़ी नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरजीत सिंह चौहान ने अपनी व्यावहारिकता कुशलता और मिलनसार छवि के चलते 55 मतों से जीत की अर्जित की, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुनाव में 158 अधिवक्ताओं में से 145 अधिवक्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया जिसमें सुरजीत सिंह चौहान को 100 मत प्राप्त हुए जिसमें 55 मतों से सुरजीत सिंह चौहान को विजई घोषित किया गया ढ्ढ संघ के सह सचिव के पद पर भी वोटिंग प्रक्रिया हुई जिसमें विपिन राजपूत तीन मतों से जीत हासिल की, बाकी के बचे हुए सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए सचिव जीवन सिंह धाकड़, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जैन उपाध्यक्ष राघव रघुवंशी लाइब्रेरियन संदीप श्रीवास्तव को बनाया गया।

### सर्पदंश से 5 साल की मासूम की मौत

छतरपुर, देशबन्धु। जिले के मातगुवाँ थाने के अंतर्गत ग्राम ब्यारदा पुरवा में 5 साल की मासूम को सर्प ने डस लिया, जिला अस्पताल में चार दिन इलाज के बाद शनिवार रात उसकी मौत हो गई है। बताया गया है 5 वर्षीय ऋषिता पुत्री दीनदयाल कुशवाहा अपनी दादी कुइया बाई के साथ घर में सो रही थी। सुबह करीब 4 बजे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और उल्टियां होने लगीं। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने बताया कि सर्पदंश के कारण बच्ची के शरीर में जहर फैल गया है। चार दिन तक चले इलाज के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।

### कोर्ट मोहर्रिर को समझाई ई-समंस, वारंट जारी करने की तकनीक

छतरपुर, देशबन्धु। जिले में आईसीजेएस के क्रियान्वयन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंदर सिंह की अध्यक्षता में एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कोर्ट मोहर्रिर को ई-समंस और वारंट जारी करने की प्रक्रिया एवं तकनीक की जानकारी दी गई। बताया गया है इस प्रशिक्षण का उद्देश्य न्यायालय एवं पुलिस के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान की प्रक्रिया को डिजिटल रुप से सुदृढ़ बनाना और समयबद्ध व प्रभावी न्याय प्रक्रिया को सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षुओं ने न्यायिक आदेशों की त्वरित व डिजिटल कार्यवाही की तकनीकी बारीकियों को समझा। प्रशिक्षण में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति जायसवाल, जेएमएफसी अरविंद गुर्जर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु प्रसाद सोलंकी, जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार, बार काउंसलिंग के अध्यक्ष विनोद दीक्षित, सीसीटीएनएस प्रभारी एसआई ओम शंकर सिंह, न्यायालय में कार्यरत कर्मचारी एवं पुलिस कोर्ट मोहर्रिर उपस्थित रहे।

युवक पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर जताया विरोध


# विधायक पटवा ने बरसते पानी में मंडदीप थाने के सामने दिया धरना

### एसडीओपी को हटाने की मांग की



रायसेन, देशबन्धु। भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा रविवार को समर्थकों के साथ तेज बारिश के बीच मंडीदीप थाने के सामने धरना दिया। उन्होंने एक युवक पर हमले के सभी आरोपियों पर अब तक कार्रवाई न होने पर विरोध जताते हुए ओबेदुल्लागंज की एसडीओपी शीला सुराणा को हटाने की मांग की। धरने की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और विधायक को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी। उन्होंने मंडीदीप में ईद से एक दिन पहले दो समुदायों के बीच विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले सभी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर विरोध जताया। इस मामले में सात लोगों पर केस दर्ज किया गया और तीन को गिरफ्तार किया गया। सुरेंद्र पटवा का आरोप है कि पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई की है और एक पक्ष के साथ अन्याय हुआ है। प्रदर्शन के दौरान नेशनल हाइवे 46 पर एसईजी फैक्ट्री के सामने जाम लग गया। प्रदर्शन में पहुंचे एसपी पंकज पांडे के आश्वासन के बाद जाम खोला गया।

### तेज रफ्तार डंपर ने कार को मारी टक्कर, महिला की मौत, 3 घायल







रायसेन, देशबन्धु। तेज रफ्तार डंपर ने ऑल्टो कार को पीछे से जोरदार टक्कर कार माद दी। जिसमें महिला की मौत हो गई वही एक पुरूष दो बच्चे हुए गंभीर घायल हो गए। बताया जाता है कि कार बाड़ी से भोपाल की ओर जा रही थी तभी यह हादसाह हो गया। इस दुर्घटना में अशोक श्रीवास्तव पत्नी सीमा निवासी बाड़ी की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# जर्जर भवनों से बेखबर प्रशासन, हो सकता है हादसा





सांची, देशबन्धु। नगर में आज जर्जर और खंडहर हो चुके सरकारी भवन हादसों को दावत दे रहे हैं। प्रशासन द्वारा अनुपयोगी घोषित किए जा चुके इन भवनों की स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। जानकारी के अनुसार, नगर में कई पुराने शासकीय भवन अब उपयोग की स्थिति में नहीं हैं। इनमें जनपद पंचायत कार्यालय के भवन, पुराना थाना भवन, तथा पुराना तहसील कार्यालय प्रमुख हैं। बावजूद इसके, इन भवनों का उपयोग लगातार जारी है। कहीं इन्हें पार्किंग स्थल बनाया गया है तो कहीं आराम गाह या कार्यालय के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं ऐसे भवनों में आवारा फिरने वाले पशुओ का भी जमा्वडा लग जाता है इसके साथ ही तेज धूप अथवा बारिश से बचाव के लिए भी लोग इन जर्जर भवनों का सहारा लेते दिखाई पड़ जाते है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन ने इन भवनों को भले ही अनुपयोगी घोषित कर दिया हो, लेकिन इनके उपयोग पर न तो कोई रोक है और न ही सुरक्षा इंतजाम। कई भवनों में दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है और कुछ जगहों पर वाहनों की पार्किंग भी हो रही है। इन भवनों के खंडहर होते ढांचे कभी भी गिर सकते हैं, जिससे जनहानि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

कुछ भवन अग्नि मण की चपेट में भी आ चुके हैं। हैरानी की बात यह है कि जिन भवनों को स्वयं प्रशासन ने अनुपयोगी करार दिया है, उनके उपयोग पर रोक लगाने में भी वह असफल रहा है। न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, न ही कोई बैरिकेडिंग। नगरवासियों ने कई बार इन भवनों को गिराने और स्थल को सुरक्षित करने की मांग की है, परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो जनहानि की आशंका भी बनी रहेगी।

### इनका कहना है

हम सम्बंधित विभागों को पत्र के माध्यम से सूचित कर रहे हैं कि इन अनुपयोगी भवनों के उपयोग पर रोक लगाई जाये अथवा ढहाने की प्रक्रिया की जाये।

**नियति साहू**
**अतिरिक्त तहसीलदार सांची**

# समाजसेवी साहू की प्रथम पुण्य तिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि



सिलवानी, देशबन्धु। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, महावीर संगीत नाटक कंपनी के सक्रिय सदस्य लक्ष्मी नारायण साहू (पुज्जक) की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को उनके पुत्र सीताराम साहू, राधेश्याम साहू के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वकर्मा गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए नगर के गणमान्य नागरिको, जन प्रतिनिधियो, समाजजनो, रिश्तेदारो आदि ने स्वर्गीय श्री साहू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्यो का स्मरण किया। वक्ताओं ने स्वर्गीय साहू के जीवन, संघर्ष और समाजसेवा के प्रति उनकी नि:स्वार्थ भावना का स्मरण करते हुए बताया कि उनका संपूर्ण जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वह हमेशा सत्य के पक्ष धर रहें। उन्होने अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किया।

अपने जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। इस अवसर पर उनके परिवारजन, शुभचिंतक तथा समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने उनके सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# जून में पिछले साल से दोगुनी बारिश हुई, 168.2 मिमी दर्ज



रायसेन, देशबन्धु। जिले में रविवार को मौसम विभाग के अलर्ट के बाद लगातार बारिश हो रही है। इससे धान की खेती करने वाले किसानों को बड़ी राहत मिली है। अब तक बारिश नहीं होने से जिले की नदियां और खेतों में पानी की कमी बनी हुई थी, जिससे धान की बोवनी और रोपाई में अड़चन आ रही थी। प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में रायसेन में अब तक पर्याप्त बारिश नहीं हुई थी।

बारिश के अभाव में किसान न तो बोवनी कर पा रहे थे और न ही धान के गढ़ों में पानी भर पा रहे थे। रायसेन में 1 जून से 29 जून तक जिले में 168.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि से 84.1 मिलीमीटर अधिक है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है।

बेगमगंज में 300.4 मिमी दर्ज की गई। उदयपुरा में 202 मिमी और सिलवानी में 192.8 मिमी वर्षा हुई। सुल्तानपुर में 191 मिमी, बाड़ी में 144.5 मिमी और गैरतगंज में 142.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। देवरी में 136.1 मिमी, बरेली में 132.8 मिमी, रायसेन में 130.2 मिमी और गौहरगंज में 109 मिमी वर्षा हुई।

पिछले 24 घंटों की बात करें तो जिले में 0.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान सबसे अधिक वर्षा गैरतगंज में 2.1 मिमी हुई। उदयपुरा में 2 मिमी, सुल्तानपुर में 1.3 मिमी और सिलवानी में 1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। रायसेन में 0.2 मिमी वर्षा हुई। बेगमगंज, गौहरगंज, बरेली, बाड़ी और देवरी में कोई वर्षा नहीं हुई।

# बारिश और कीचड़ में पैदल चलकर जनजातीय परिवारों से मिलने पहुंचे मंत्री शाह

### आर्थिक सहायता के चेक प्रदान कर योजनाओं का लाभ दिलाने का दिया भरोसा



देवास, देशबन्धु। प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह जिले में खिवनी अभ्यारण में अतिक्रमण मुक्त कराये क्षेत्र से प्रभावित आदिवासी परिवारों के बीच पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों के बीच बैठकर उनके हालचाल पूछे, दुख-दर्द बांटा और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मुझे आप सभी का हाल जानने और मदद के लिए यहां भेजा गया है। सरकार आपके साथ खड़ी है। शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको मिलेगा। वर्तमान में आर्थिक सहायता के रूप में चेक प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि आप पुन: अपने आशियाने बसा सकें। खिवनी तक जाने के लिए रास्ता कीचड़ भरा था। ऐसे में अपनी गाड़ियां छोड़कर अफसरों के साथ मंत्री विजय शाह पैदल ही गांव की ओर निकले। इसके बाद मंत्री विजय शाह और विधायक आशीष शर्मा एवं अधिकारी पैदल चलते हुए प्रभावित आदिवासियों के घर पहुंचे। बाद में ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर वापस लौटे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार देवास जिले में खिवनी में अतिक्रमण मुक्त कराये गए क्षेत्र से प्रभावित आदिवासी परिवार को हर संभव सहायता करने तथा मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सभी प्रभावित परिवार को 6 माह का अतिरिक्त खादय् राहत सामग्री एवं सभी परिवार को 20 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदाय की गई है और पका हुआ भोजन भी उपलब्ध किया जा रहा है।

# जिला न्यायालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, न्यायाधीशों ने कराया चेकअप

छतरपुर, देशबन्धु। रविवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रविन्दर सिंह के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय छतरपुर स्थित एडीआर सेंटर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला अस्पताल छतरपुर के सहयोग से लगाया गया था।

शिविर का शुभारंभ वर्धन न्यायाधीश रविन्दर सिंह ने दीप प्रज्वलन करके किया। सभी न्यायाधीशों एवं कर्मचारियों के बीपी, शुगर, ईसीजी, नेत्र, दंत, अस्थि, नाक-कान-गला आदि का स्वास्थ्य परीक्षण जिला अस्पताल से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. रचना चौरसिया (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. गौरव अग्रवाल (मेडिसिन), डॉ. बद्री पटेल (सर्जन), डॉ. राजेश मिश्रा (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. अरुणदेव खरे (दंत रोग विशेषज्ञ) सहित नर्सिंग स्टॉफ राधेश्याम त्यागी, सीमा रांगडाले, शविराज प्रजापति एवं स्टाफ उपस्थित रहा। बता दें कि शिविर में महिला अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष रूप से महिला विशेषज्ञों की टीम भी उपस्थित रही।




इस मौके पर विशेष न्यायाधीश उपेन्द्र सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय आरके देवलिया, जिला न्यायाधीश कविता वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, हिमांशु शर्मा, निवेश कुमार जायसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति जायसवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विष्णु प्रसाद सोलंकी, सिविल जज प्रेरणा जैन, अरविंद सिंह गुर्जर, राहुल जैन, आकांक्षा गर्ग, जिला विधिक सहायता अधिकारी वीरेन्द्र चढ़ार सहित कई न्यायिक अधिकारी एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

एमआईबाईसीएन पायलेट प्रोजेक्ट के मास्टर ट्रेनर एवं फैसिलिटेटर को किया प्रशिक्षित

# मास्टर ट्रेनरों से फीडबैक लेकर गोद लिए बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली



*छतरपुर, देशबन्धु। खजुराहो के होटल झंकार में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पोषण (एमआईबाईसीएन) पायलेट प्रोजेक्ट अंतर्गत तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर एवं फैसिलिटेटर का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।*

*कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार ने सभी मास्टर ट्रेनरों से फीडबैक लिया और उनके द्वारा गोद लिए गए बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जिसमे 90 से 95 प्रतिशत बच्चों में सुधार होने पर उन्होंने सराहना भी की। प्रभारी कलेक्टर ने सभी 51 मास्टर ट्रेनरों एवं फैसिलिटेटर (स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास) को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर डॉ. देवजी पाटिल टीम लीडर द्वारा छतरपुर ज़िले के जिन मां बच्चों को गोद लिया था उनके स्वास्थ्य पर असर के बारे में प्रस्तुतीकरण दीया गया। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के सात जिलों में जो पायलेट प्रोजेक्ट संचालित है उनमें सबसे बेहतर कार्य छतरपुर में हुआ है। सीएमएचओ डॉ.आरपी गुप्ता ने भी सभी बेहतर कार्य करने वालों को शुभकामनाएं दी और सभी मास्टर ट्रेनर को विभाग से डिजिटल वजन मशीन और इंफेटोमीटर उपलब्ध करवाए। साथ ही आईआईटी बॉम्बे टीम के प्रमुख डॉ. देवजी पाटिल टीम लीडर पोषण विशेषज्ञ, दीपाली फरगड़े, शीतल हिवाले, अमरप्रीत कौर विनायक, तरुण शर्मा को स्मृति चिन्ह भी भेट किए गए।*

*51 मास्टर ट्रेनर एवं फैसिलिटेटर को तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं 51 का स्किल अस्सेस्मेंट जिला अस्पताल में किया गया। डॉ. रूपल दलाल प्रोफेसर आईआईटी बॉम्बे द्वारा वर्चुअली एमआईबाईसीएन प्रोजेक्ट की उपलब्धि संबंधी डाटा से सभी के समक्ष प्रस्तुत करके सभी को शुभकामनाएं भी दी गई।*

*लखन असाटी जिला समन्वयक आनंद विभाग छतरपुर ने भी एक सेशन लेकर उन्होंने मानव के जीवन का एकमात्र परम लक्ष्य सुख और समृद्धि पूर्वक उसकी निरंतरता में जीना है, सुखपूर्वक जीने के लिए जरूरी है कि मानव में सुविधा और संबंध की सही समझ बने, उसके व्यवहार में सुख तथा कार्य में उभय समृद्धि की स्थापना हो। मानव में अंतर विरोध व अंतर्दवंद का समाप्त होना, संगीत और व्यवस्था में जीना ही सच्चा सुख है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजेंद्र खरे जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने अतिथियों और आईआईटी एवं डब्ल्यूजीएफ टीम व समस्त प्रतिभागियों के साथ साथ प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण सहयोग करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया।*

# सरस्वती शिशु मंदिर के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित



छतरपुर, देशबन्धु। शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिंचाई कॉलोनी में अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बोर्ड कक्षाओं (5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं) में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय समिति के अध्यक्ष विनोद टिकरिया ने की। सम्मान समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र आशुतोष मिश्रा, जो यूपीएससी परीक्षा 2025 में चयनित हुए, और पूर्व छात्र उमेश गुप्ता, जो चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। समाजसेवी बृजेश जैन ने भी बच्चों को उपहार भेंट किए। आशुतोष मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि नियमित पढ़ाई ही सफलता की कुंजी है, जबकि उमेश गुप्ता ने शिक्षा के साथ अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। समारोह में आशुतोष मिश्रा के पिता और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्वागत वरिष्ठ आचार्य चंद्र प्रकाश पांडे ने किया, संचालन माधु रीमा श्रीवास्तव ने किया। अंत में आभार प्रचारक कृष्णकांत खरे ने जताया।

## ताप्ती तीरे

### मेरी राय: हेमंतचंद्र दुबे बबलू

# संविधान हत्या दिवस: सरकारी कार्यालयों में मनाना कितना उचित?



मीसा बंदियों लोकतंत्र सैनानियों का आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर ताम्र पत्र देकर सम्मानित किया जाना उचित है और सर्वथा प्रशंसनीय कार्य है कि उनके त्याग समर्पण का सम्मान होना चाहिए, लेकिन कार्यक्रम को संविधान हत्या दिवस के रूप मे मनाए जाने को कदापि उचित नहीं कहा जा सकता है। एक राजनीतिक दल इस शीर्षक से कार्यक्रम करें, उचित है किन्तु सरकार हत्या शब्द का उपयोग करते हुए कोई कार्यक्रम का आयोजन करे सर्वथा अनुचित असंवैधानिक है। सरकार संविधान आत्मा दिवस मना लेती, संविधान लोकतांत्रिक मूल्य दिवस मना लेती, सरकार संविधान व्याख्या दिवस मना लेती, सरकार सीधे सीधे लोकतन्त्र सैनानी सम्मान समारोह का आयोजन करती किंतु संविधान हत्या दिवस यदि सरकारें उसके अधिकारी कर्मचारी बनाने लगेंगे तो कार्यपालिका का संचालन कैसे हो पायेगा? जब वे ही हत्या शब्द को जायज और उचित ठहराते हुए कार्यक्रम का आयोजन करना प्रारंभ कर देंगे तो फिर कैसे कानून का राज कायम हो सकेगा। आपातकाल को कौन उचित और जायज ठहराता है , वह तो सर्वथा निंदनीय था और हमेशा रहेगा। लेकिन हत्या शब्द तो सभ्य समाज के शब्दकोश में उचित दृष्टि से देखा और समझा नहीं जाता हैं। हत्या शब्द अपने आप में गैरकानूनी और असंवैधानिक शब्द है और उसी शब्द के साथ कलेक्ट्रेट हॉल में कार्यक्रम का आयोजन संवैधानिक मर्यादो का उल्लंघन है। लोकतंत्र सैनानियों परिजनों का सम्मान होना चाहिए था, संविधान व्याख्या दिवस के बैनर तले, या संविधान आत्मा दिवस के बैनर तले लेकिन दुर्भाग्य की संविधान हत्या दिवस के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राजनीतिक दल आपसी प्रतिद्वंदता में ऐसे शब्दों का चयन भाषणों में नारों में करते है कोई आपत्ति नहीं किन्तु सरकार हत्या शब्द को लेकर कार्यक्रम करे, आयोजन में हत्या शब्द का इस्तेमाल करे तो फिर सोचना होगा कि क्या आज आपातकाल की परस्थिति तो निर्मित नहीं होने लगी हैं?

आश्चर्य का विषय है, कार्यक्रम के आयोजन के लिए केंद्र सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा परिपत्र और आदेश जारी हुए है। आपातकाल का संस्कृति विभाग से क्या लेना देना है जो कार्य संसदीय कार्य मंत्रालय को करना चाहिए वह संस्कृति विभाग कर रहा है। आखिर मंशा क्या है?

**जरा सोचिए,** 2025 में जब आज के कलेक्टर खड़े होकर इसे संविधान की हत्या बताएंगे तो क्या 1975 के कलेक्टर को परोक्ष अपरोक्ष रूप से वे उसे हत्यारा नहीं घोषित कर दे रहे हैं? कितना गैर जिम्मेदाराना, असंवैधानिक शब्द का उपयोग करते हुए उन सैनानियों का सम्मान किया गया, जिन्होंने अपने सर्वस्व जीवन को उस समय लोकतंत्र को बचाने के लिए न्योछावर कर दिया था। वास्तव में सरकार का हत्या शब्द के साथ संविधान को जोड़कर कार्यपालिका से कार्यक्रम का आयोजन करवाना सर्वथा अनुचित असंवैधानिक होने के साथ साथ सभ्य समाज की आत्मा को ठेस पहुंचाने वाला है।

# सड़क या तालाब? सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर ने खोली विकास की पोल

### शुरुआती बारिश ने समस्या का पिटारा खोलकर रख दिया, सब हलाकान हुए



**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में बरसात के आते ही विकास की परतें खुलकर सामने आने लगी हैं। जिला मुख्यालय से लेकर दूरस्थ ग्राम पंचायतों की हालत ऐसी है मानो वर्षों से किसी ने इनकी सुध न ली हो। ताजा मामला खड़ला पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम नयेगांव से सामने आया है, जहां से रौंढा रोड तक लगभग ढाई किलोमीटर लंबी सड़क बारिश में कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। इस सड़क की बदहाल तस्वीर को ग्राम के जागरूक युवा अभिषेक चेतन कालभोर ने उजागर किया है। अभिषेक ने सोशल मीडिया पर इन तस्वीरों के साथ तंज कसते हुए प्रशासन और सत्ता के खोखले विकास के दावों को आईना दिखाया है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए लिखा कि नयेगांव से रौंढा रोड तक अलग-अलग योजनाओं के तहत कई जलाशय बन चुके हैं।

एक तरफ शासन प्रशासन विकास यात्रा की बात कर रहा है, दूसरी तरफ गांवों की ऐसी जमीनी हकीकत सामने आ रही है जो बताती है कि योजनाएं सिर्फ कागज़ पर चल रही हैं। सड़क निर्माण की स्वीकृति तो मिल चुकी है, लेकिन निर्माण का अता-पता नहीं। बैतूल जिले में कई गांव ऐसे हैं, जहां हर बरसात में सड़कें गड्ढे और दलदल बन जाते हैं। सड़कें अब विकास की नहीं, उपेक्षा की प्रतीक बन चुकी हैं। और जब तक जिम्मेदारों की नीति नहीं बदलेगी, तब तक हर गांव की सड़क जलाशय योजना बनती रहेगी और जनता यूं ही कीचड़ में धंसती रहेगी।

### जिले में अभी तक 126.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 126.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 124.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 29 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 1.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 29 जून 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 1.4, घोड़ाडोंगरी में 2.0, चिचोली में 0.0, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 4.3, प्रभात पट्टन में 3.2., आमला में 0.0, भैंसदेही में 0.0, आठनेर में 0.0 तथा भीमपुर में 4.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### सड़क के किनारे बारिश के पानी निकासी के प्रबंध न होने से घरों ,दुकानों, गोदाम में घुसा पानी, भारी नुकसान



**चिचोली, देशबन्धु।** रविवार सुबह से ही हो रही झमाझम बारिश ने चिचोली ब्लाक के चिरापाटला जलभराव की स्थिति बना दी चिरापाटला बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर बारिश के पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश का पानी सड़क के किनारे घरों ,दुकानो ,और सरकारी सहकारी गोदाम मे घुस गया जिससे भारी नुकसान हुआ है और घरों में और दुकानों में रखा सामान बर्बाद हो गया। इसके बाद नाराज ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से बीच सडक से बारिश का पानी निकासी की रोहित बंशकार, समिति प्रबंधक रामदयाल यादव ने बताया कि पिछले 15 दिन पूर्व ग्राम सरपंच एवं ग्राम सचिव को बारिश के पानी निकासी के लिए उचित व्यवस्था बनाने की मांग की गई थी लेकिन सरपंच सचिव द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि चिरापाटला बस स्टैंड मुख्य सड़क मार्ग दलदल में परिवर्तित हो गया सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण सड़क पर चलना मुश्किल है ग्रामीणों ने सड़क बनाने को लेकर कई बार जन प्रतिनिधि और अधिकारी से मांग कर चुके हैं । लेकिन सालो बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य नहीं हो पाया है इसी मार्ग पर रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है जिसमें दुकानदारों को सड़क के किनारे कीचड़ में बैठ कर दुकान लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है । बारिश के दिनों में इस सड़क के हालात बात से बेहतर हो जाते हैं इस गांव में बारिश के शुरुआती दौर में विकास के बड़े-बड़े आईने आसानी से देखे जा सकते हैं ।

# पहली ही बारिश में कीचड़ से लथपथ हुई बरहापुर गांव की सड़कें, सीसी रोड निर्माण की उठी मांग

### मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने में सरपंच-सचिव पर लापरवाही का आरोप

**भैंसदेही, देशबन्धु।** जनपद पंचायत भैंसदेही के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बरहापुर के वार्ड नंबर 19 की सड़क पहली ही बारिश में कीचड़ से लथपथ हो गई। कीचड़ और पानी के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। नाराज ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव को आवेदन सौंपते हुए सीसी रोड निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 19 में छोटेलाल के मकान से मंगल के मकान तक तथा दिनेश लवाहे के मकान से राजू सद्दू के मकान तक सड़क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। बारिश के चलते हालात और भी ज्यादा बिगड़ गए हैं। कीचड़ और पानी जमा होने से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को निकलने में खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। वार्ड निवासी शिवा अतुलकर ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद ग्राम पंचायत द्वारा इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने सरपंच और सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मूलभूत सुविधाओं के मामले में पंचायत गंभीर नहीं है और बार-बार आग्रह के बाद भी केवल आश्वासन ही मिलते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड में वर्षों से सीसी रोड नहीं बनी है, जिससे आमजन को लगातार असुविधा हो रही है। ऐसे में अब वार्डवासियों ने पंचायत से अपील की है कि जल्द से जल्द वार्ड नंबर 19 में सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि आने वाले समय में और परेशानी न झेलनी पड़े। वार्डवासियों का यह भी कहना है कि यदि पंचायत ने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया, तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को भी मजबूर होंगे।



### अति गरीब विधवा महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण योजना का किया शुभारंभ

# साहू समाज ने किया प्रतिभावान विद्यार्थियों और शिक्षकों का सम्मान



**बैतूल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा एवं युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में रजत जयंती समारोह का आयोजन होटल आईसीइन बैतूल में रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद साहू, गोपाल साहू, भोमालाल साहू इंदौर, छोटेलाल साहू, श्रीमती गीता साहू, प्रकाश साहू, राजा साहू, संजय भद्रे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती भागवंती साहू सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों ने माता कर्मा एवं स्व. पूरनलाल साहू की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर रजत जयंती समारोह का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम अतिथियों ने साहू समाज के 170 से अधिक प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्व.पूरनलाल साहू स्मृति शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया एवं सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सामाजिक लोगों का सम्मान किया गया। बच्चों के सम्मान समारोह के बाद साहू समाज की अति गरीब एवं विधवा महिला श्रीमती कविता साहू को सिलाई मशीन वितरण कर महिला स्वरोजगार योजना का शुभारंभ समाज के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद साहू ने कहा कि समाज के शासकीय सेवकों एवं समृद्ध वर्ग को समाज के दिन दुखी लोगों की सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए। श्रीमती भागवंती साहू ने कहा कि प्रतिभावान बच्चों का सम्मान उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। प्रकाश साहू ने कहा कि स्व.पूरनलाल साहू की स्मृति में प्रतिवर्ष बच्चों को स्व. पूरनलाल साहू स्मृति शिक्षा रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा। श्रीमती गीता साहू ने समाज के शिक्षकों एवं होनहार बच्चों के सम्मान को अच्छी पहल बताया।

### शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय कवि जयशंकर प्रसाद सम्मान

समाज के रजत जयंती समारोह के अवसर पर सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया जिनमें श्रीमती कविता साहू, विमला साहू, रामप्रसाद साहू, विजय कुमार साहू, श्रीमती इंदिरा साहू, श्रीमती जया साहू, कृष्ण राव साहू, शंकर दयाल साहू, राजेश साहू, कमल किशोर साहू, किशोर चंद्र साहू, राजेश साहू, शंकर दयाल साहू, गीता साहू, घनश्याम साहू, पूरन लाल साहू, भोलाप्रसाद साहू, अशोक साहू, महेंद्र साहू, लक्ष्मण साहू, उत्तम साहू, सुनीता साहू, गजानन साहू, माया साहू, छगन साहू, अलका साहू, पूजा साहू, मधुकर साहू, माधुरी साहू, दिनेश साहू, राजू साहू, हरिकिशन साहू, प्रदीप साहू, राकेश सोनूसाहू, अनिल साहू, रीता साहू, पन्नालालसाहू, श्रीमती कविता साहू, विजय कुमार साहू, कृष्ण राव साहू, नीलम गुलाब साहू, रवि कुमार भद्रे सहित समाज के शिक्षकों का सम्मान किया गया।

# कुनबी समाज के विकास के लिए हर स्तर पर करेंगे सहयोग: विधायक

### शिवाजी परिसर गौठाना में मंगल भवन निर्माण का हुआ शुभारंभ



**बैतूल, देशबन्धु।** क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज सेवा संगठन जिला बैतूल द्वारा शिवाजी परिसर गौठाना में रविवार को मंगल भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डी.डी. उइके रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, नगर पालिका परिषद बैतूल की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, समाजसेवी डॉ. एन.आर. मानकर, वसंत वागद्रे, दिनेश माथनकर, संगठन के जिलाध्यक्ष यशवंत (मुन्ना) मानकर सहित समस्त जिला कार्यकारिणी उपस्थित रही।

मंगल भवन के लिए क्रक्रय की गई भूमि में सहयोग देने वाले प्रमुख समाजसेवियों का संगठन द्वारा पुष्पमालाओं और श्रीफल से सम्मान किया गया। इनमें डॉ. एन.आर. मानकर, वसंत वागद्रे, दिनेश माथनकर, पंकज साबले और जिलाध्यक्ष यशवंत मुन्ना मानकर का विशेष उल्लेखनीय योगदान रहा। इस भूमि की क्रय प्रक्रिया संगठन के पूर्व अध्यक्ष मनोज धोटे के नेतृत्व में पूरी की गई थी, जिनका भी मंच पर अभिनंदन किया गया। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज एक संगठित और प्रेरणादायक समाज है, जो लगातार सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहता है। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा मंगल भवन का निर्माण किया जाना एक दूरदर्शी पहल है, जो आने वाली पीढ़ियों को एकजुटता, सहयोग और सुसंस्कारों का संदेश देगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज के विकास के लिए वे हर स्तर पर सहयोग के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के चुनाव में सफलता प्राप्त करने वाले रोशन मागरदे और गौरव मागरदे को संगठन द्वारा प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

**जिले भर में चलाया जाएगा सदस्यता अभियान:** कार्यक्रम के उपरांत संगठन की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले भर में बड़े स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, ताकि समाज को और अधिक संगठित व प्रभावशाली बनाया जा सके। क कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. उज्ज्वल पांसे, मीडिया प्रभारी पंकज धोटे, राज वाघमारे, पंकज साबले, मनोज धोटे, कृष्ण वागद्रे, सुरेन्द्र कनाठे, संजय माकोड़े, प्रकाश धोटे, राजा वागद्रे, रवि माकोड़े, दिनेश मानकर आदि मौजूद रहे।

# गायत्री महायज्ञ और वृक्षगंगा अभियान से रेल्वे स्टेडियम का होगा कायाकल्प, लगेंगे 108 पौधे



**आमला , देशबन्धु।** शक्ति संवर्धन 108 कुंडीय यज्ञ में पौधरोपण संपन्न हुआ। रविवार को रेलवे स्टेडियम में संपन्न पौधरोपण कर अखिल विश्व गायत्री परिवार ने चलाया वृक्षगंगा अभियान एवं विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि अनिल कुमार पाटिल एडीईएन एवं नितिन गाडरे नगरपालिका अध्यक्ष आमला,एस के गुप्ता स्टेशन प्रबंधक रेलवे आमला,मुकुंद जोशी सेवानिवृत रेलवे अधिकारी नागपुर एवं विजय सिंह सोलंकी वैज्ञानिक साउथ कोरिया सम्मिलित हुए । कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलवे कालोनी आमला की पार्षद ओमवती विश्वकर्मा ने की। अतिथियों ने अपने ओर से एक ट्री गार्ड पीपल के पौधे के साथ स्टेडियम में लगाया । गायत्री परिवार उपजोन समिति के सदस्य शिशुपाल डढोरे एवं मनोज विश्वकर्मा ने पौधारोपण के बाद विचार गोष्ठी का संचालन किया इस अवसर पर पार्षद ओमवती विश्वकर्मा, पार्षद पदमा भंबरकर,पार्षद काशीबाई शेषकर, श्रीमती पाटिल मैम,श्रीमती जोशी मैम सहित गायत्री परिवार महिला मंडल की श्रद्धा मालवीय, माधुरी मालवीय, पुष्पा साहू, वंदना डढोरे, कविता सूर्यवंशी, पार्षद विद्या मालवीय, संगीता कनौजिया ज्योति सोलंकी ने पौधारोपण कर नगर को हरा भरा करने का संकल्प लिया। एडीईएन ए के पाटिल ने कहा कि यह कार्यक्रम मेरे जीवन का यादगार पल रहेगा । जब इतनी बारिश के बाद भी हम सब ने पौधारोपण में समयदान और श्रमदान दिया। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य मदन मोहन कटियार ने भारत सरकार के कार्यक्रम अनुसार एक पेड़ मां के नाम पर चर्चा करते हुए बताया की वेदों में लिखा है जो प्रकृति की जो रक्षा करते हैं, प्रकति भी उनकी रक्षा करती है । रेलवे अधिकारी मुकुंद जोशी नागपुर ने कहा कि आमला में रेलवे,नगर पालिका,गायत्री परिवार और स्थानीय जन के साझा प्रयास से इस प्रकार का आयोजन आमला की श्रेष्ठता को प्रदर्शित करता है।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं भूतपूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान



**मुलताई, देशबन्धु।** क्षत्रिय पवार समाज संगठन जिला बैतूल ने श्री कृष्णा मैरिज लान सोनोली रोड मुलताई में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 300 से अधिक विद्यार्थियों, जेईई और नीट के विधार्थियों के साथ खेल प्रकोष्ठ में उत्कृष्ट कार्य के लिए छात्रों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए मुन्नालाल कसारे को सम्मानित किया गया और देश की सेवा में अपने जीवन के अनमोल समय देने वाले भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। मंच पर महिला राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष श्रीमती केसर बिसेन, महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दारा सिंह कटरे, महासभा के वरिष्ठ महासचिव अर्पण बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला अध्यक्ष राजा पवार, कंचन महेंद्र कालसेकर, नान्ही बाई अन्य थे।

### सफलता की कहानी: गेहूं की कटाई के बाद खेत में बची नरवाई को जलाने के बजाय मिला देते है मिट्टी

# मरवानी के कृषक अर्जुन ने रोटावेटर से खेती को बनाया लाभ का व्यवसाय

### सफलता की कहानी

**बैतूल, देशबन्धु ।** यदि इच्छाशक्ति हो और सरकार की योजनाओं का सही उपयोग किया जाए, तो खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदला जा सकता है। बैतूल जिले के ग्राम उमरवानी के किसान अर्जुन धुर्वे ने कृषि यंत्रीकरण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम उठाते हुए आधुनिक खेती को अपनाया है। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से उन्होंने एक लाख रुपये मूल्य का रोटावेटर खरीदा, जिसमें उन्हें 46 हजार 800 रुपये का अनुदान मिला। यह उपकरण अब उनकी खेती की दिशा और दशा दोनों बदल रहा है। रोटावेटर के माध्यम से कृषक श्री धुर्वे अब गेहूं की कटाई के बाद खेत में बची नरवाई को जलाने के बजाय उसे बारीकी से काटकर मिट्टी में मिला देते हैं। इस तकनीक से न सिर्फ खेत की मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ी है, बल्कि फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में भी सकारात्मक सुधार देखा गया है।



### अन्य किसानों के लिए भी बने मिसाल

कृषि विभाग के अधिकारियों ने धुर्वे की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अनुदान योजना के माध्यम से सरकार किसानों को आधुनिक उपकरणों की खरीद में सहायता प्रदान कर रही है, जिससे खेती में लागत घटे और लाभ बढ़े। कृषक श्री धुर्वे ने बताया कि पहले हम नरवाई को जलाने के लिए मजबूर थे, जिससे न केवल मिट्टी की सेहत बिगड़ती थी, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान होता था। अब रोटावेटर से वही नरवाई मिट्टी में मिलकर प्राकृतिक खाद बन जाती है, जिससे फसल अच्छी होती है और लागत भी कम आती है। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

# हनी बी थेरेपी शिविर आज, पुणे और नागपुर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम करेगी उपचार

**बैतूल, देशबन्धु।** छत्रपति शिवाजी सांस्कृतिक भवन मानस नगर में आज 30 जून को हनी बी थेरेपी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में पुणे और नागपुर से आई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम प्रख्यात चिकित्सक डॉ. श्रीराम दिगंबर कुलकर्णी के मार्गदर्शन में परामर्श और उपचार प्रदान करेगी। यह शिविर सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन क्षत्रिय लोणारी कुणबी समाज संगठन बैतूल द्वारा श्रीमती जयश्री मुंबई एवं श्रीमती वैशाली बारस्कर भिलाई के सक्रिय सहयोग से किया जा रहा है।

शिविर में कैंसर, बी.पी.(उच्च रक्तचाप), थायरॉइड, डायबिटीज, गठिया, अस्थमा, पथरी, त्वचा रोग, माइग्रेन, मानसिक रोग, थैलेसीमिया, एड्स, वेरिकोज वेन,सायटिका, ऑस्टियोपोरोसिस और रीढ़ व हड्डियों से संबंधित 70 से अधिक जटिल बीमारियों का प्राकृतिक उपचार किया जाएगा। श्रीमती जयश्री खाडग? ने बताया कि इस चिकित्सा पद्धति का उद्देश्य बिना इंजेक्शन या ऑपरेशन के केवल मधुमक्खी के डंक और प्राचीन भारतीय चिकित्सा विज्ञान के माध्यम से रोगों का उपचार करना है। यह पद्धति पिछले दो दशकों में मुंबई, पुणे, नागपुर, अमरावती,इंदौर, उज्जैन सहित कई शहरों में हज़ारों मरीजों को लाभ पहुंचा चुकी है। अब यह सेवा बैतूल के नागरिकों के लिए उपलब्ध हो रही है।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 3.06 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 2.43 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.11 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.56 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.39 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| ट्रेंट | 1.42 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.13 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.93 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.74 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.66 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,930 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,07,890 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7900-8000 |
| उड़द दाल | 9500-9600 |
| मूंग दाल | 9200-9300 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# तेजी से बढ़ रहा भारत का रिटेल सेक्टर, 10 प्रतिशत तक वृद्धि का अनुमान : आरएआई

■ **मौजूदा समय में करीब 900 अरब डॉलर है भारत के रिटेल सेक्टर की वैल्यू**

**नई दिल्ली,** 29 जून (एजेंसियां)। भारत का रिटेल सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले महीनों में इसके और तीव्र गति से बढ़ने की उम्मीद है, यह जानकारी रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) की ओर से दी गई।

मौजूदा समय में भारत के रिटेल सेक्टर की वैल्यू करीब 900 अरब डॉलर है। आरएआई के अनुसार, देश का रिटेल सेक्टर वर्तमान में 5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जल्द ही यह गति पकड़ेगा और 9 से 10 प्रतिशत की वृद्धि दर पर पहुंच जाएगा।

आरएआई के सीईओ कुमार राजगोपालन ने कहा कि महामारी के ठीक बाद, रिटेल सेक्टर ने 20 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ जोरदार वापसी की है। उन्होंने कहा कि हालांकि, पिछले एक साल में वृद्धि दर धीमी होकर लगभग 5 प्रतिशत रह गई। लेकिन, अब बाजार स्थिर होने, उपभोक्ताओं द्वारा अधिक खर्च करने और सही उपभोक्ता आधार के साथ, यह सेक्टर एक बार फिर तेजी से विकास के संकेत दे रहा है।

आरएआई के 62वें खुदरा व्यापार सर्वेक्षण के अनुसार, मई 2025 में भारत भर में रिटेल बिक्री में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



**महामारी के ठीक बाद, रिटेल सेक्टर ने 20 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ जोरदार वापसी की है : कुमार राजगोपालन, सीईओ आरएआई**

यह कई महीनों तक बिक्री में 4 से 5 प्रतिशत की मध्यम वृद्धि के बाद एक महत्वपूर्ण सुधार है। क्षेत्रवार आधार पर, दक्षिण भारत ने मई में रिटेल बिक्री में 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे अधिक बढ़त हासिल की।रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी भारत में रिटेल बिक्री में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में क्रमश: 6 प्रतिशत और 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

विभिन्न सेगमेंट में, क्विक सर्विस रेस्तरां (क्यूएसआर) ने 10 प्रतिशत की सबसे अधिक वृद्धि दिखाई है। फर्नीचर के साथ-साथ कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। राजगोपालन ने कहा कि यह वृद्धि दर्शाती है कि लोग अब अधिक खर्च करने को तैयार हैं। उपभोक्ता भावना में सुधार से रिटेल बिक्री में और तेजी आ सकती है और निकट भविष्य में यह क्षेत्र दोहरे अंकों की वृद्धि के करीब पहुंच सकता है।

## भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में ऑटो सेक्टर निभाएगा बड़ी भूमिका

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के सपने को साकार करने के करीब पहुंच रहा है, ऑटोमोबाइल सेक्टर देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 7.1 प्रतिशत और विनिर्माण सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 49 प्रतिशत का योगदान देकर विकास के एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभर रहा है। देश में यह सेक्टर 3.7 करोड़ से अधिक नौकरियों के अवसर पैदा करता है और भारत के कुल निर्यात में लगभग 8 प्रतिशत का योगदान देता है। केवल एक वाणिज्यिक उद्योग से अधिक, ऑटो सेक्टर को अब वैश्विक विनिर्माण और इनोवेशन में भारत की बढ़ती शक्ति के प्रतिबिंब के रूप में देखा जाता है। वित्त वर्ष 2024-25 तक, भारत बिक्री के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार और उत्पादन के मामले में चौथा सबसे बड़ा बाजार है। देश की ऑटोमोबाइल इडस्ट्री विभिन्न सेगमेंट्स में 31 मिलियन से अधिक वाहनों का उत्पादन किया। इसमें 5 मिलियन से ज्यादा यात्री कारें, 1 मिलियन वाणिज्यिक वाहन, 1 मिलियन तिपहिया वाहन और लगभग 24 मिलियन दोपहिया वाहन शामिल थे। निर्यात के मामले में, भारत ने जापान, मैक्सिको, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका जैसे बाजारों में लगभग 5.7 मिलियन वाहनों का निर्यात किया। सरकार ऑटोमोबाइल सेक्टर की वृद्धि दर को बनाए रखने और इसे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं भी चला रही है। सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम है। इस योजना का बजट 25,938 करोड़ रुपए है। यह योजना इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), हाइड्रोजन वाहनों, और एडवांस व्हीकल टेक्नोलॉजीज को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।



■ **देश में 3.7 करोड़ से अधिक नौकरियों के अवसर पैदा कर रहा ऑटो सेक्टर**

■ **भारत के कुल निर्यात में लगभग 8 प्रतिशत का योगदान दे रहा ऑटो सेक्टर**

## सस्ते में सोना-चांदी खरीदने का मौका

**नई दिल्ली,** 29 जून (एजेंसियां)। सोना-चांदी खरीदारों के लिए खुशखबरी है। इस हफ्ते दोनों कीमती घातुओं की दाम में गिरावट देखने को मिली है, जिससे सोने की कीमत एक बार फिर से 96,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का दाम 1.06 लाख रुपए प्रतिकिलो के नीचे आ गया है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 95,784 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 98,691 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 2,907 रुपए की कमी को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम कम होकर 87,738 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 90,404 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 74,018 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 71,838 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 1,582 रुपए कम होकर 1,05,193 रुपए प्रति किलो हो गई है। जो कि पहले 1,06,775 रुपए प्रति किलो थी। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 रुपए प्रति किलो का ऑल-टाइम हाई बनाया था।



■ **इस हफ्ते कीमतों में हुई गिरावट**

## भारतीय सीमेंट सेक्टर की वॉल्यूम मई में बढ़कर 39.6 मिलियन मीट्रिक टन रही

**नई दिल्ली,** 29 जून (एजेंसियां)। भारतीय सीमेंट सेक्टर की वॉल्यूम मई में सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढ़कर 39.6 मिलियन मीट्रिक टन हो गई है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में मई में दी गई। आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 26 के पहले दो महीनों में सीमेंट सेक्टर में सकारात्मक रुझान जारी रहा, जिससे वॉल्यूम 8 प्रतिशत बढ़कर 78.7 मिलियन मीट्रिक टन हो गई है।

वित्त वर्ष 2025 में सीमेंट वॉल्यूम में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और कुल उत्पादन 453.0 मिलियन मीट्रिक टन रहा है। आईसीआरए ने वित्त वर्ष 2026 में 6-7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जिसमें वॉल्यूम 480-485 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंचने की उम्मीद है। मई 2025 में सीमेंट की औसत कीमतों में सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 360 रुपए प्रति बैग तक पहुंच गई है, जबकि वित्त वर्ष 2026 के पहले दो महीनों के लिए कीमतें सालाना आधार पर 7 प्रतिशत बढ़ी हैं।

आईसीआरए का मानना है कि सीमेंट कंपनियों के सैंपल सेट के परिचालन मार्जिन में 80-150 आधार अंकों (बीपीएस) का सुधार हो सकता है, जो वित्त वर्ष 2026 में बढ़कर 16.3-17.0 प्रतिशत हो जाएगा।

रेटिंग एजेंसी ने भारतीय सीमेंट क्षेत्र के लिए स्थिर दृष्टिकोण बनाए रखा है, जो निरंतर मांग और अनुकूल लागत स्थितियों में विश्वास को दर्शाता है। इस क्षेत्र की मजबूती भारत के बुनियादी ढांचे और आवास विकास का समर्थन करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, आठ प्रमुख उद्योगों का संयुक्त सूचकांक पिछले साल के इसी महीने की तुलना में मई में 0.7 प्रतिशत बढ़ा। पिछले महीने सीमेंट, स्टील, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।



■ **वित्त वर्ष 2025 में सीमेंट वॉल्यूम में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई**

## आईआईपी व आर्थिक आंकड़े पर रहेगी बाजार की नजर

-साप्ताहिक समीक्षा-

**मुंबई,** 29 जून (एजेंसियां)। इजराइल-ईरान तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट की बदौलत हुई लिवाली से बीते सप्ताह दो प्रतिशत तक के उछाल पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के साथ ही अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी दर जैसे प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1650.73 अंक अर्थात 2.00 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 84058.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 525.4 अंक यानी 2.1 प्रतिशत उछलकर 25637.80 अंक हो गया।


समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1060.99 अंक अर्थात 2.33 प्रतिशत की तेजी लकर सप्ताहांत पर 46541.25 अंक और स्मॉलकैप 1870.88 अंक यानी 3.6 प्रतिशत की मजबूती के साथ 54249.40 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली। शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मजबूती के साथ बंद हुए। मध्य-पश्चिम में भू-राजनीतिक तनाव में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट ने बाजार की तेजी को बल दिया। इससे निवेशकों की धारणा सुधरी और लगभग सभी समूहों में व्यापक स्तर पर खरीददारी देखने को मिली। हालांकि, आईटी समूह के कमजोर प्रदर्शन ने बाजार की तेजी को थोड़ी सीमा में जरूर रखा। दरअसल, आईटी दिग्गज एक्सेंचर द्वारा आउटसोर्सिंग सौदों में मंदी का हवाला देते हुए सतर्क रुख अपनाए जाने से इस सेक्टर में दबाव रहा। इससे ग्राहकों के खर्च और मांग को लेकर चिंता बढ़ी।

दूसरी ओर, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कई गवर्नरों के नरम स्वर ने वैश्विक बाजारों में सकारात्मक माहौल बनाया। इससे यह संकेत मिला कि फेड मौद्रिक नीति में लचीलापन दिखा सकता है। बाजार में जुलाई की शुरुआत में संभावित ब्याज दर कटौती को लेकर अटकलें भी तेज हो गई हैं। आगे नजर डालें तो पहली तिमाही के कॉर्पोरेट नतीजों का सीजन नजदीक है, जिसको लेकर निवेशक काफी सतर्क हैं। कारोबारी गतिविधियों और विकास के संकेत पाने के लिए बाजार की नजर कंपनियों के नतीजों पर टिकी है। इसके अलावा अमेरिका अपने प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देने जा रहा है, जिसे लेकर भी वैश्विक बाजारों में उत्सुकता बनी हुई है।

इस बीच निवेशक भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों के साथ-साथ अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी दर जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतकों पर भी करीब से नजर रख रहे हैं। ये आंकड़े वैश्विक और घरेलू आर्थिक हालात की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में चार दिन तेजी जबकि एक दिन गिरावट रही। ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई को लेकर सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, ऑटो, टेक और फोकस्ड आईटी समेत बारह समूहों में हुई भारी बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 511.38 अंक का गोता लगाकर 81896.79 अंक और निफ्टी 140.50 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24971.90 अंक पर बंद हुआ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम समझौते की घोषणा के बाद विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 158.32 अंक की छलांग लगाकर 82055.11 अंक और निफ्टी 72.45 अंक बढ़कर 25044.35 अंक पर पहुंच गया।



■ **सेंसेक्स 2.00 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 84058.90 अंक रहा**

■ **निफ्टी 2.1 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 25637.80 अंक रहा**

## इथेनॉल ब्लेंडिंग से बीते 11 वर्षों में किसानों की बढ़ी आय : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली,** 29 जून (एजेंसियां)। सरकार इथेनॉल ब्लेंडिंग के जरिए एक तरफ देश के कच्चे तेल आयात को कम करके बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत कर रही है। दूसरी तरफ इससे किसानों को भी बड़ा फायदा हो रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को कहा कि इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम के तहत सरकार बीते 11 वर्षों में अब तक किसानों को 1,18,126 करोड़ रुपए से भी अधिक का भुगतान कर चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इथेनॉल ब्लेंडिंग से 1,36,655 करोड़ रुपए विदेशों में जाने से बचे हैं, जिससे देश को बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत करने में मदद मिली है। वहीं, इस दौरान इथेनॉल को 232 लाख मीट्रिक टन क्रूड ऑयल के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया गया है। इससे कार्बन उत्सर्जन में 698 लाख मीट्रिक टन की कमी दर्ज की गई है।

पुरी ने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में इथेनॉल नए भारत के ग्रोथ इंजन की शक्ति बन रहा है। इसके हर एक बूंद में किसान का स्वाभिमान है, सम्मान है और इससे वे आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग के लक्ष्य को हम समय से पूर्व हासिल कर चुके हैं। इससे पहले पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ने हाल ही में कहा कि ई20 अब सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों-इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम-के सभी रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध कराया जा रहा है।



■ **सरकार ने किया 1.18 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान**

**सार संक्षेप**

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 697.09 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आारक्षित निधि में भारी गिरावट होने से 20 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.02 अरब डॉलर कम होकर 697.09 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 698.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 20 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 35.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 589.1 अरब डॉलर पर आ गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 57.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 85.7 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 8.5 करोड़ डॉलर गिरकर 18.7 अरब डॉलर रह गया।

### अडानी ने पुरी के लाइफगाड्र्स को दिया सहयोग


**नई दिल्ली।** ओडिशा में पुरी का समुद्र तट जहां लाखों पर्यटक और श्रद्धालु प्रतिदिन आते हैं, वहीं उनकी सुरक्षा का जिम्मा दशकों से नोलिया समुदाय के बहादुर लाइफगार्ड निभा रहे हैं और इसी सेवा भावना को सम्मान देते हुए अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने हाल ही में पुरी पहुंचकर इन लाइफगार्ड से मुलाकात की और उनकी जरूरतों को गंभीरता से सुना। श्री अडानी अपने परिवार पत्नी प्रीति अडानी और बेटे करण अडानी के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पुरी पहुंचे थे। रथ यात्रा में सेवा देने के साथ उन्होंने इस्कॉन किचन में महाप्रसाद वितरण में भी भाग लिया। इसके बाद उन्होंने समुद्र किनारे उन लोगों से मुलाकात की, जिनकी सतर्कता हजारों जिंदगियों की सुरक्षा करती है। पुरी के नोलिया समुदाय के लोग पारंपरिक मछुआरे हैं, लेकिन दशकों से ये समुद्र में नहाने आए लोगों की जान बचाने में जुटे हैं।

### अमूल बना भारत का नंबर 1 फूड ब्रांड

**नई दिल्ली।** गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के ब्रांड अमूल ने एक बार फिर भारत के सबसे बड़े फूड ब्रांड का ताज अपने सिर सजाया है। ब्रिटेन की मशहूर ब्रांड वैल्यूएशन कंपनी ब्रांड फाइनेंस की ताजा रिपोर्ट 'ब्रांड फाइनेंस इंडिया 100 - 2025' के मुताबिक, अमूल की ब्रांड वैल्यू 4.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। इस लिस्ट में दिल्ली-एनसीआर की मशहूर कंपनी मदर डेयरी 1.15 बिलियन डॉलर की ब्रांड वैल्यू के साथ दूसरे नंबर पर रही। अमूल ने न सिर्फ फूड ब्रांड्स की लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया, बल्कि भारत के टॉप 100 ब्रांड्स में भी 17वां स्थान पाया। दूसरी ओर मदर डेयरी ने पिछले साल के 41वें स्थान से छलांग लगाते हुए 35वां स्थान हासिल किया। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर ब्रिटानिया, चौथे पर कर्नाटक की डेयरी कोऑपरेटिव नंदिनी और पांचवें स्थान पर डाबर रहा।

## सरसों तेल महंगा, दाल, अनाज व मीठे में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 29 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेज महंगा हो गया जबकि दाल-दलहन, अनाज और मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा सप्ताहांत पर 75 रिंगिट लुढ़ककर 3992 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.55 सेंट की गिरावट लेकर 52.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल में 184 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इससे मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 17033 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17948 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14102 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13333 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल 300 रुपए और उड़द दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि मूंग दाल 150 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। वहीं, चना और दाल चना में कोई बदलाव नहीं हुआ सप्ताहांत पर चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रही। **अनाज :** अनाज मंडी में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने मध्य प्रदेश में 220 मेगावाट की सौर परियोजना किया चालू

**मुंबई,** 29 जून (एजेंसियां)। एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने रविवार को घोषणा की कि उसने मध्य प्रदेश में 220 मेगावाट की शाजापुर सौर परियोजना (यूनिट-2) को पूरी तरह से चालू कर दिया है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग के जरिए अंतिम चरण (120 मेगावाट क्षमता) के पूरा होने की घोषणा की। इसके साथ ही, सौर पार्क की पूरी यूनिट-2 अब व्यावसायिक रूप से चालू हो गई है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि सफल कमीशनिंग के परिणामस्वरूप, मध्य प्रदेश के शाजापुर में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की 220 मेगावाट शाजापुर सौर परियोजना (यूनिट- 2) में से 120 मेगावाट के तीसरे और अंतिम चरण का 29.06.2025 को 00:00 बजे से वाणिज्यिक संचालन शुरू कर दिया गया है। यह मील का पत्थर यूनिट 1 के पहले कमीशनिंग के बाद है, जिसकी क्षमता 105 मेगावाट थी और यह इस साल मार्च में पूरा हुआ था। दोनों इकाइयों के अब सक्रिय होने के साथ, एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी के शाजापुर सोलर पार्क की कुल क्षमता 325 मेगावाट क्षमता हो गई है। शाजापुर सौर परियोजना यूनिट 1 और यूनिट 2 का काम पूरा हो चुका है, जबकि 125 मेगावाट की नियोजित क्षमता वाली यूनिट 3 का काम अभी शुरू होना बाकी है। एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी के शेयर सोमवार को कमीशनिंग अपडेट के बाद चर्चा में रहने की संभावना है। शुक्रवार को कंपनी का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 0.76 रुपए या 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 105.99 रुपए पर बंद हुआ।

पिछले एक महीने में शेयर में 6.84 रुपए या 6.06 प्रतिशत की गिरावट आई है। शेयर का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 155.35 रुपए है।



■ **एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी के शाजापुर सोलर पार्क की कुल क्षमता 325 मेगावाट हुई**

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।